


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 02 अप्रैल 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 64 | मूल्य - 5 रुपये









# एक ही चेहरे पर सैकड़ो फर्जी मोबाईल सिम एक्टिवेट करने का कर रहे थे गोरखधंधा..

## बालाघाट पुलिस ने ऑपरेशन फेस के तहत फर्जी सिम नेटवर्क का किया खुलासा..

## अनेक राज्यों से जुड़े आपराधिक तार..

## 03 अपराधियों को गिरफ्तार कर शुरु की पूछताछ..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन फेस के अंतर्गत बालाघाट पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली में फर्जी तरीके से मोबाइल सिम कार्ड जारी करने के संबंध में 03 अपराध पंजीबद्ध कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई है, जबकि वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी शुरु हैं।***

इस संदर्भ में आज बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि यह मामला भारत सरकार के डीओटी के एआई आधारित फेस एनालिसिस टूल के माध्यम से प्रकाश में आया, जिसमें यह पाया गया कि एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम एवं पते पर बड़ी संख्या में सिम कार्ड सक्रिय किए गए हैं। बालाघाट जिले में कुल 450 संदिग्ध सिम कार्ड अलग अलग 05 यूनिक फेस पर जारी होना पाया गया। जिसकी विधिवत् जांच हेतु पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई है, गठित एसआईटी एवं साइबर सेल की टीम द्वारा प्रत्येक सिम कार्ड का पृथक-पृथक परीक्षण किया गया।

### आरोपी संबंधी विवरण:


प्रकरण में संलिप्त पीएसएस एजेंटों / विक्रेताओं की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। अभी तक पंजीबद्ध 03 प्रकरणों मे 19 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों द्वारा अन्य व्यक्तियों के पहचान पत्रों का दुरुपयोग कर, उनमें कूटरचना/एडिटिंग करते हुए अपनी फोटो लगाकर तथा स्वयं की लाइव फोटो एवं मोबाइल नंबर से ह्ृञ्जक्क सत्यापन कर फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टिव किए गए, जिससे धोखाधड़ी एवं प्रतिरूपण किया जाना पाया गया। प्रकरण में गिरफ्तार मुख्य आरोपीगण जिसमें 1. महेन्द्र उर्फ संतोष पटले, पिता छतरलाल पटले, उम्र 38 वर्ष, निवासी नियारपाठ थाना बैहर। 2. प्रियंका पटले, पति महेन्द्र पटले, उम्र 33 वर्ष, निवासी सियारपाठ थाना बैहर। तथा 3. खुमैश गौतम, पिता रविन्द्र गौतम, उम्र 29 वर्ष, निवासी भौरवाही थाना परसवाड़ा को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस ने आम जनों से अपील की है कि अपने पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी आदि) किसी भी अनजान व्यक्ति को न दें तथा सिम जारी करते समय स्वयं उपस्थित रहकर पूरी प्रक्रिया सुनिश्चित करें। नागरिक अपने नाम पर जारी सिम की जानकारी भी स्वयं संचार साथी बेवसाइट से जांच सकते हैं- यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या फर्जी सिम जारी होने की जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके ।

## पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने दी जानकारी..



पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों से पूछताछ एवं जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगण वर्ष 2019 से 2022 के बीच बालाघाट जिले में अपने-अपने क्षेत्रों में मोबाइल सिम विक्रय, एक्टिवेशन, पोर्टिंग एवं रिपेयरिंग का कार्य करते थे। अधिक कमीशन प्राप्त करने एवं बिना दस्तावेज वाले ग्राहकों को सिम उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरोपीगण द्वारा सुनियोजित तरीके से फर्जीवाड़ा किया जाता था। अन्य व्यक्तियों के पहचान पत्र (आधार/वोटर आईडी आदि) की फोटोकॉपी एकत्र कर उनका बार-बार उपयोग किया जाता था। उपलब्ध पहचान पत्रों में कूटरचना / एडिटिंग कर फोटो एवं विवरण में बदलाव किया जाता था। सिम एक्टिवेशन हेतु आवश्यक सीएफ में वास्तविक ग्राहक के स्थान पर आरोपी अपनी ही लाइव फोटो अपलोड करते थे। ओटीपी सत्यापन के लिए आरोपी अपने या अन्य मोबाइल नंबरों का उपयोग करते थे। दस्तावेज किसी अन्य व्यक्ति के नाम के होते थे, जबकि फोटो और ओटीपी आरोपीयों का होता था। इस प्रकार आरोपीगण द्वारा प्रतिरूपण, कूटरचना एवं डिजिटल केवायसी प्रक्रिया में हेरफेर कर बड़ी संख्या में सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिव किए गए। उक्त प्रकरण में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 184/26, 180/26 एवं 181/26 के तहत आरोपियों के विरुद्ध धारा 419, 420, 465, 468, 471, 34 भादवि, धारा 66ष्ट, 66ष्ठ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा धारा 42(3)(द्) दूरसंचार अधिनियम, 2023 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच मे ज्ञात हुआ कि ये फर्जी सिम का नेटवर्क कई जिलों में सक्रिय है तथा इसके लिंक मंडला, डिंडोरी, भोपाल एवं उत्तरप्रदेश से जुड़े पाए गए हैं, जिनकी पहचान कर इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।





## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टाकीस एंड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520*










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101



जग प्रेरणा

# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433


## संदीपनी विद्यालय डूंडासिवनी में भव्य प्रवेशोत्सव सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट शिक्षा का उदाहरण







**जगप्रेरणा सिवनी।**
संदीपनी विद्यालय डूंडा, सिवनी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु गरिमामय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संदीपनी विद्यालय सीमित संसाधनों और भवन की चुनौतियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विद्यालय के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। कम समय और संसाधनों में भी छात्रों की उपलब्धियां विद्यालय की गुणवत्ता को दर्शाती हैं।

### 735 विद्यार्थियों को दे रहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा..

वर्तमान में विद्यालय में केजी-1 से 12वीं तक लगभग 735 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इतने बड़े स्तर पर शिक्षा प्रदान करते हुए भी विद्यालय अनुशासन, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सभी कक्षाओं एवं विषयों के लिए अलग-अलग कक्षों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विद्यालय का नवीन भवन ग्राम कंडीपार में बनकर तैयार है, जिसमें 57 क्लासरूम, सह-अकादमिक गतिविधियों के लिए पृथक कक्ष एवं कुल मिलाकर लगभग 100 कमरे उपलब्ध हैं। इससे भविष्य में विद्यालय और अधिक व्यवस्थित एवं आधुनिक रूप में संचालित हो सकेगा।

### आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ते कदम..

विद्यालय बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास और अन्य तकनीकी संसाधनों को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा मिल सके।

### 7 अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील..

विद्यालय में हाल ही में चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज जमा करने एवं अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल निर्धारित की गई है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से समय पर प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

### विद्यालय के विकास हेतु सहयोग की अपील..

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य श्री विमल कुमार ठाकुर एवं उपप्राचार्य श्री अनिल कुमार साहू ने जनप्रतिनिधियों एवं पालकों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने में सभी का सहयोग मिले, तो यह संस्था क्षेत्र में शिक्षा का और भी बड़ा केंद्र बन सकती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंचासीन रहे अशोक चौहान (पूर्व पार्षद), श्रीमती गीता चौधरी (पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष), प्राचार्य विमल कुमार ठाकुर, उपप्राचार्य अनिल कुमार साहू, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल श्रीमती सौरभी पाठक, प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल श्री सकील अहमद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मो. मेहफूज खान द्वारा किया गया।

अंत में कहा जा सकता है कि संदीपनी विद्यालय डूंडा, सिवनी आज सीमित संसाधनों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहा।

## आज माचागोरा में होगी किसान मजदूर पंचायत



**जगप्रेरणा सिवनी।**
किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सिवनी के मातृधाम पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र में फसल जलने से पीड़ित किसानों से मुलाकात की। इसके बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आगजनी की घटनाएं हो रही हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी और जवाबदेही बिजली विभाग की है।

उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को उनकी उत्पादन लागत का डेढ़ गुना मुआवजा दिया जाए। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीलम ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर 2 अप्रैल को माचागोरा (छिंदवाड़ा) में आयोजित होने वाली किसान मजदूर पंचायत में प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

उन्होंने सिवनी जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में किसान मजदूर पंचायत में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की।

किसान संघर्ष समिति ने यह भी घोषणा की है कि आगजनी से पीड़ित किसान यदि मुआवजे के लिए उपभोक्ता फोरम में प्रकरण दर्ज करना चाहते हैं, तो किसानों को बिजली बिल एवं फसल में आग लगने और जलने के प्रमाण के साथ यदि किसान संघर्ष समिति से संपर्क करेंगे तो समिति के वकील साथी उनके मामले की निशुल्क पैरवी करेंगे।

उन्होंने बताया कि किसान मजदूर पंचायत को संबोधित करने हेतु देश के विभिन्न राज्यों से प्रमुख किसान एवं मजदूर संगठनों के नेताओं की उपस्थिति रहेगी। इनमें गुजरात से आदिवासी एकता परिषद के सचिव अशोक चौधरी, महाराष्ट्र (बीड़) से किसान संघर्ष समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. सुशीला ताई मोराळे, महाराष्ट्र (अकोला) से शेतकरी विकास मंच के अध्यक्ष हुसैन खान, भोपाल से अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाददास बैरागी, सागर से भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप ठाकुर, अनूपपुर से रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना प्रभावित किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेश भूषण, कटनी से प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ए. के. खान, रीवा से प्रदेश सचिव संत कुमार पटेल, इंदौर से संयोजक रामस्वरूप मंत्री, देवास से प्रदेश सचिव लीलाधर चौधरी, सिंगरौली से से प्रदेश सचिव निसार आलम अंसारी, रायसेन से प्रदेश सचिव श्रीराम सेन, सिवनी से प्रदेश सचिव डॉ राजकुमार सनोडिया, रामकुमार सनोडिया, पवन सनोडिया, ग्वालियर से प्रदेश सचिव शत्रुघन यादव, सिंगरौली से कार्यकारी जिला अध्यक्ष अखिलेश शाह, समारू सिंह मरकाम सहित अनेक नेता शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि दिन भर की बहस के बाद प्रस्ताव पारित कर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

## जल संकट पर कलेक्टर सख्त, घंसौर में हुई उच्चस्तरीय बैठक..

**जल समस्या से जूझ रहे गांवों में टैंकरों से पानी पहुंचाने का निर्णय..**





**जगप्रेरणा घंसौर।**
जिले में बढ़ती जल समस्या को गंभीरता से लेते हुए सिवनी कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत घंसौर के सभा कक्ष में एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जल संकट से निपटने के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई।

बैठक में जल निगम के अधिकारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीएम घंसौर, जनपद पंचायत के सदस्य, सचिव एवं सरपंचों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान क्षेत्र के जल संकटग्रस्त गांवों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कई गांवों में जलस्तर गिरने के कारण पेयजल की समस्या गंभीर रूप ले रही है। इस पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से जल टैंकरों के माध्यम से प्रभावित गांवों में पानी पहुंचाने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी गांव में पेयजल की कमी न हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सभी सचिवों और सरपंचों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्रोतों की स्थिति का निरंतर निरीक्षण करें और जहां भी समस्या उत्पन्न हो, उसकी जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। एसडीएम घंसौर ने कहा कि जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे खराब हैंडपंपों और पाइपलाइन की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें।

साथ ही, वैकल्पिक जल स्रोतों की खोज और उनका उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रशासन ने आमजन को भरोसा दिलाया कि जल संकट से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो। इस पहल से क्षेत्रवासियों में राहत की उम्मीद जगी है और प्रशासन की सक्रियता को सराहा जा रहा है।

## हनुमान जन्मोत्सव : विशेष श्रृंगार-पूजन, निकलेगी भव्य पालकी यात्रा



**जगप्रेरणा सिवनी।**
हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष भी सिवनी नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा। बुधवारी बाजार स्थित बजरंग अखाड़ा में 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

बजरंग अखाड़ा समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा लगभग 100 वर्षों पुरानी है, जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और विशेष श्रृंगार की तैयारी की गई है। कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे भगवान हनुमान जी का विशेष पूजन, अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती और हवन का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों–बजरंग अखाड़ा, दुर्गा चौक, गिरिजा मंदिर, राम मंदिर (शुक्रवारी), नगरपालिका चौक होते हुए पुनः बजरंग अखाड़ा पहुंचेगी।

शाम 6 बजे महाआरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।


सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद
7898530101


## अबुबक्र कुरैशी की मेहनत रंग लाई 99.6 प्रति. अंकों से उत्कृष्ट सफलता



**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिले के प्रतिष्ठित अल महा इंग्लिश स्कूल, सिवनी में अध्ययनरत होनहार छात्र अबुबक्र कुरैशी ने कक्षा नर्सरी A की वार्षिक परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

अबुबक्र बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। वे पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं और अपनी प्रतिभा के दम पर कई बार पुरस्कृत भी हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि अबुबक्र, पत्रकार उमैर कुरैशी के भतीजे हैं। अबुबक्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजन एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शिक्षक वाहब खान हुए सेवानिवृत्ति



**जगप्रेरणा सिवनी।**
नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी में पदस्थ रहे शिक्षक वाहब खान के सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे ने कहा कि बहुत कम लोग होते हैं जो निर्विवाद रूप से अपनी सेवा कल के दौरान अपने विभाग के लोगों के दिलों में स्थान बनाते हैं ऐसी ही प्रतिभा के धनी वॉहव खान सर थे जिन्होंने शाला को अपना परिवार माना और हर काम को अपना मान कर किया निश्चित ही शाला परिवार को उनके जाने का दुख है लेकिन खुशी इस बात की है कि अब अपना सदा समय अपने परिवार को दे पाएंगे हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं साथ ही बे दीघ आयु हो यही हम ईश्वर से कामना करते हैं इस अवसर पर शाला परिवार द्वारा आपका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य द्वारा उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम का संचालन साबिर खान ने किया श्रीमती अंजना भलावी नए गीत प्रस्तुत किया वहीं श्री साहू एवं माया गढेवाल ने भी अपनी बात रखी इस अवसर पर अकील खानयादुराज उइके अनिल पलवार।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**जगप्रेरणा सिवनी।**
मंगलवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत निचली गांव का है। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के कारण हुआ।

जानकारी के अनुसार मानेगांव पिपरिया निवासी युवराज राहंगडाले अपनी बाइक से घंसौर की ओर जा रहे थे। निचली ग्राम के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवराज राहंगडाले ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### दूसरी बाइक में सवार तीन लोग घायल

हादसे में दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें मानेगांव पिपरिया निवासी संध्या परते (35) पति मनोज परते, भानमती बाई (38) पति बेनीराम और पंकज (34) पिता सरदार शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात को सामान्य कराया।

घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर से दुर्घटना की सूचना मिलीथी। मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## पारिवारिक विवाद में युवक पर चाकू से हमला, जिला अस्पताल में युवक भर्ती..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
**बंडोल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना बंडोल पुलिस थाना के पास की बताई जा रही है। युवक का अपनी पत्नी और सास के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान युवक को चाकू लग गया। घायल युवक ने अपनी पत्नी और सास पर हमला करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट लकी राय मौके पर पहुंचे और घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। बंडोल पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

## हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य विशाल रैली का आयोजन..



**विशेष वेष भूषा धारण कर बड़ी संख्या मै मातृ शक्ति युवा साथी होंगे शामिल..**

**जगप्रेरणा छपारा।**
आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर हनुमान समिति के युवाओं द्वारा नगर के तकिया वॉर्ड स्थित सुभाष ग्राउंड से भव्य विशाल वाहन रैली एवं ध्वज यात्रा श्री हनुमान सेना, बड़े बगीचा के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस पावन अवसर पर सभी सनातन धर्म प्रेमियों से हनुमान सेना समिति के सदस्यों ने निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस धार्मिक आयोजन को भव्य एवं सफल बनाएं।

उक्त वाहन रैली ध्वजा यात्रा सुबह 11 बजे से शुरू होगी जिसमें युवा शक्ति के साथ मातृ शक्ति भी शामिल होंगी। वहीं यह यात्रा सुभाष ग्राउंड तकिया वार्ड से प्रारंभ हो कर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बड़े बगीचा हनुमान मंदिर में संपन्न होगी।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


## आज श्री कपीश्वर हनुमान मन्दिर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

### दिनभर होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
***नगर के बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री कपीश्वर हनुमान मंदिर में आगामी 02 अप्रैल (गुरुवार) को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा।***

इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

श्री कपीश्वर हनुमान कल्याण समिति, बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिवनी (म.प्र.) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 05:30 बजे हनुमान जी के अभिषेक से होगी। इसके पश्चात 07:00 बजे श्रृंगार आरती एवं 08:00 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुंदरकांड की चौपाइयों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी।

दोपहर 12:00 बजे भोग आरती अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 03:00 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जो शाम 06:30 बजे महाआरती के साथ भक्तिमय वातावरण अपने चरम पर पहुंचेगा। तत्पश्चात 07:00 बजे से महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

श्री कपिश्वर हनुमान कल्याण समिति ने समस्त सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं एवं प्रभु श्री हनुमान जी के भक्तों से इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का विनम्र आग्रह किया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य एवं आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके।






जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव

मो. 94258-22975


## हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पूजा अर्चना के साथ त्रिपुर सुंदरी मंदिर से आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

### 40 किलो का मुकुट धारण कर महाराज मोहित सोनी बनेंगे हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में 9 वें हनुमान..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***भगवान श्री राम के परमभक्त और पुराणों के अनुसार संसार में आज भी उपस्थित देवताओं में शामिल पवन पुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव आज पुरे विश्व में धुमधाम से मनाया जायेगा। सनातन संस्कृति में महाबली, पराक्रमी, बुद्धि और बल के देवता हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर***

आज बालाघाट शहर व जिले में भी सभी हनुमान मंदिरों में धुमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट शहर से लगे हुए बजरंग घाट हनुमान मंदिर, काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर, चित्रगुप्त नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर संहित सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही विधि विधान से हनुमान प्रतिमाओं पर सिंदुर अर्पित कर दुग्ध और जल से अभिषेक पूजन किया जायेगा। इसी के साथ दिन भर भक्त बड़ी संख्या में हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड आदि का वाचन कर अपने ईष्ट देव हनुमान जी की श्रद्धा भक्ति से पूजा अर्चना करेंगे। विशेष रुप से आज हनुमान जन्मोत्सव पर बालाघाट शहर के काली पुतली चौक हनुमान मंदिर में सुबह 5 बजे से हनुमान जी की पालकी यात्रा निकाली जायेगी, जो कि नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस हनुमान मंदिर पहुंचेगी। विभिन्न सभी हनुमान मंदिरों में महाप्रसाद भी वितरित किया जायेगा।

### त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकलेगी हनुमान जी की चलित शोभायात्रा..



गौरतलब है कि बालाघाट में पंजाबी दशहरा के नाम से विख्यात प्रतिवर्ष नया श्रीराम मंदिर से 40 किलो का मुकुट धारण कर हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाती है। इसी तर्ज पर बालाघाट में हनुमान जन्मोत्सव पर भी विगत 8 वर्षों पूर्व हनुमान जी का व्रत कर 40 दिनों का पाठ करके 40 किलो का मुकुट धारण कर हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा का कार्यक्रम त्रिपुर सुंदरी मंदिर से शंकर दादा मोटवानी के प्रयासों से शुरु किया गया, तथा प्रतिवर्ष बढ़ते क्रम में इस वर्ष 9 वें वर्ष में हनुमान जी की शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण महाराज मोहित राजु सोनी होंगे। मोहित सोनी 40 किलो का मुकुट धारण कर आज हनुमान स्वरुप धारण करेंगे, तथा उनकी अगुवाई में हनुमान जी की शोभायात्रा त्रिपुर सुंदरी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए पुराना श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झाँकियाँ, बैण्ड-बाजे और ढोल की गूंज विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। त्रिपुर सुंदरी मंदिर समिति एवं हनुमान सेवा दल ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सहपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की हैं।

## केन्द्रीय इस्पात सचिव संदीप पौड्रिक एवं संयुक्त सचिव डी.एम. पाण्डे की मॉयल भरवेली को सौजन्य भेंट..

### उत्पादन वृद्धि व आधुनिकीकरण पर हुआ मंथन










जगप्रेरणा भरवेली (बालाघाट)।

***जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान में बुधवार, 1 अप्रैल को केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौड्रिक एवं संयुक्त सचिव डी.एम. पाण्डे का अल्प प्रवास हुआ। उनके आगमन पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विश्वनाथ सुरेश तथा निदेशक (वित्त) राकेश तुमाने ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।***

इस अवसर पर विश्राम गृह में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें मॉयल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सचिव एवं संयुक्त सचिव ने विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में सचिव संदीप पौड्रिक ने इस्पात उद्योग के सामने उभरती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और मशीनीकरण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से संवाद करते हुए विभिन्न तकनीकी और प्रबंधन संबंधी पहलुओं पर सवाल-जवाब भी किए। बैठक के पश्चात दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने खदान के भीतर संचालित कार्यो की बारीकियों को समझा और सुरक्षा, उत्पादन तथा कार्यप्रणाली को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मॉयल के फैरो प्लांट सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीणा ने भी भरवेली विश्राम गृह पहुंचकर केन्द्रीय इस्पात सचिव एवं संयुक्त सचिव से मुलाकात की। उन्होंने जिले में खनन गतिविधियों, औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मुलाकात को क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम में मॉयल लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) श्रीमती उषा सिंह, निदेशक (वाणिज्य) सुश्री रश्मि सिंह, निदेशक (उत्पादन एवं योजना) एम.एम. अब्दुल्ला, कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) किशोर चन्द्राकर, कार्यकारी निदेशक (विविधीकरण) राजेश वर्मा, महाप्रबंधक (तकनीकी विकास) परिदा, महाप्रबंधक (विविधीकरण) राजेश भट्टाचार्य सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उकवा, तिरोड़ी, चिखला, डोंगरीबुजुर्ग, गुमगांव, कांद्री एवं मनसर खदानों के खान प्रबंधक एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक उम्मेदसिंह भाटी तथा खान प्रबंधक विवेक कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी पक्षों की सराहना की।

## 01 अप्रैल से बालाघाट जिले की सभी शालाओं में नए शैक्षणिक सत्र का हुआ उत्साहपूर्वक शुभारंभ..

### नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत के साथ सभी शालाओं में मनाया गया प्रवेशोत्सव..

### सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सतव का हुआ आयोजन..









जगप्रेरणा बालाघाट।

***01 अप्रैल 2026 से बालाघाट जिले की शालाओं में भी नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर जिले की सभी शालाओं में प्रवेशोत्सटव मनाया गया और नवप्रवेशी बच्चोंण का तिलक लगाकर और पुष्पिवर्षा कर स्वा गत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को नि:शुल्क***

पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया और कक्षा 06 वी एवं 09 वीं में प्रवेश करने करने वाले छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया गया। जिला मुख्यालय बालाघाट में शाला प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जी पी बर्मन, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज रहांगडाले, डाईट के प्राचार्य श्री मलगाम, शाला में प्रवेश करने वाले बच्चे, उनके अभिभावक एवं शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थी। सांदीपनि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रवेशोत्सव के भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को सुना गया।

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शाला में पहली बार प्रवेश लेना हर बच्चे और उसके परिवार के लिए जीवन का एक विशेष और यादगार क्षण होता है। यह केवल एक औपचारिक शुरुआत नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का पहला कदम है। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन उनकी शिक्षा यात्रा के शुभारंभ का प्रतीक है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि वे पूरे मन से पढ़ाई करें, अपने सपनों को पहचानें और हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। कलेक्टर श्री मीना ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे बच्चों की रुचि और प्रतिभा को समझते हुए उन्हें सही दिशा दें। ÷हर बच्चा विशेष होता है, जरूरत है उसकी क्षमता को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए शालाओं में एफएलएन सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ही पढ़ाई की नींव मजबूत की जा सके। कलेक्टर श्री मीना ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ÷शिक्षा ही वह शक्ति है, जो आपके सपनों को साकार कर सकती है, इसलिए सीखने का यह सफर पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ शुरू करें। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं स्वागत गीतों के साथ अभिनंदन किया गया और उन्हें साईकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया।


शासकीय प्राथमिक शाला गायखुरी का सांदीपनि विद्यालय में संविलियन कर दिया गया है। जिसके फलस्वरूप गायखुरी शाला के सभी बच्चों का 01 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय में पुष्पवर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला में नवप्रवेशी बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा बालाघाट में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 11 अप्रैल को भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन.. जल्द करें आवेदन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत 11 अप्रैल 2026 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में अधिकतम 100 जोड़ों को शामिल किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बीड़ी कतरोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के इच्छुक जोड़ों के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि से पूर्व योजना शाखा, नगर पालिका परिषद बालाघाट में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

सीएमओ श्री कतरोलिया ने स्पष्ट किया है कि 100 आवेदन प्राप्त होते ही आवेदन प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी तथा नगर पालिका क्षेत्र के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी। अंतिम चयन सूची नगर पालिका परिषद की समिति के अनुमोदन के बाद जारी की जाएगी। आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः सामूहिक विवाह में भाग लेने हेतु आवेदकों को बीपीएल/एएवाय राशन कार्ड, ई-केवाईसी युक्त समग्र आईडी, मूल निवासी प्रमाण पत्र, कन्या का राष्ट्रीयकृत बैंक खाता (न्यूनतम सीमा 50 हजार रुपये), 10वीं की अंकसूची/वोटर आईडी/जन्म प्रमाण पत्र, अन्य निकाय की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो तथा मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी पात्र एवं इच्छुक जोड़ों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

## बिजली बिल बकायादारों को भुगतान के लिए ‘समाधान योजना के अंतर्गत 15 मई 2026 तक अंतिम अवसर..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, बिजली बिल के बकायादारों के लिए लागू ‘समाधान योजना 2025-26’ के द्वितीय चरण की अवधि में संशोधन कर 15 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत समस्त***

घरेलु (स्थाई-अस्थाई) कनेक्शन, गैर-घरेलु कनेक्शन,औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं (शासकीय कनेक्शनों को छोड़कर) को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में भारी छूट प्रदान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बालाघाट जिले के अंतर्गत 200 विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं बिलो मे छूट से संबंधित समस्याओं की तत्काल कार्यवाही की जावेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि समय-सीमा के भीतर अपने नजदीकी विद्युत वितरण केन्द, एमपी ऑनलाईन या विद्युत विभाग के पोर्टल पर जाकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का भुगतान करना सनिश्चित करें।

### बालाघाट जिले में वसूला गया 53 करोड़ रुपये राजस्व..

बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले के अंतर्गत मार्च माह में 50 करोड़ के टारगेट के विरुद्ध 53 करोड़ का राजस्व वसूली किया गया जिसमें बालाघाट संभाग ने 22 करोड़, वारासिवनी संभाग ने 21 करोड़, बैहर संभाग ने 10 करोड़ का राजस्व संग्रहण किया। जो कि बालाघाट जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं ने समय पर बिजली बिल का भुगतान करने पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में बालाघाट जिला राजस्व संग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए समस्त उपभोक्ताओं को शासन एवं मध्य प्रदेश विद्युतीकरण कंपनी ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 01 अप्रैल को जिला कोषालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर वहां की सभी व्यवस्थाओं***

को देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए रिकॉर्ड एवं अभिलेखों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं अनुपयोगी सामग्री का निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कोषालय की कार्यालयीन व्यवस्था की जानकारी ली और कार्यालय परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मेरावी एवं उनका स्टॉफउपस्थित था।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

जग प्रेरणा
# लालबर्रा / बैहर / परसवाड़ा
● कनकी ● बैहर्रई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

# कोयलीखापा में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न..

**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**





मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर के सेक्टर-5 कोयलीखापा स्थित ग्राम पंचायत भवन में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर स्वैच्छिक भागीदारी, स्वावलंबन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री शिवनाथ यादव विकासखंड समन्वयक महेश पटले नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकड समिति के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष श्री मति मंजुलता चौधरी व परामर्शदाता भंवर सिंह मेरावी सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी, सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही हैं। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली, अवधारणा और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त गांव का निर्माण, शिक्षा एवं संस्कार का प्रसार, स्वदेशी को बढ़ावा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती का प्रचार, स्वैच्छिकता, स्वावलंबन तथा जनभागीदारी से विकास कार्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

मुख्य प्रशिक्षक श्री शिवनाथ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समग्र अवधारणा तथा प्रशिक्षण के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गांवों में स्वरोजगार, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा कला-कौशल विकास को बढ़ावा देने पर अपने विचार व्यक्त किए।नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री अमित पाटिल ने स्वैच्छिक संस्थाओं के गठन एवं उनके प्रभावी प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

परामर्शदाता श्री भंवरसिंह मेरावी ने परिषद की परिकल्पना, स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं उसके विभिन्न चरणों की जानकारी दी। वहीं श्रीमती मंजुलता चौधरी ने प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया। ग्राम के विकास के लिए नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों का पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर ग्राम की प्रस्फुटन से श्री मति सुदामा भासन्त इंदु धरवैया यमुना सोनवाने चतुर सिंह श्री मति चमेली आंधवाने सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई गई..

## इच्छुक युवा अब 10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के तहत विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है।***

बालाघाट जिले के भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती होने के इच्छुक युवा 10 अप्रैल 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है।

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जीडी, क्लर्क, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस के पदों के साथ-साथ स्थायी पदों पर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट (वेट) एवं सिपाही फार्मा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 वर्ष 6 माह से 22 वर्ष निर्धारित की गई है। विस्तृत अधिसूचना एवं आवेदन संबंधी जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर उपलब्ध है।

भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, जबलपुर से दूरभाष नंबर 7247028996 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द
जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/क्यू/2026 — दिनांक 26.03.2026

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द में वित्तीय वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा),पंच परमेश्वर,5 वां, 14 वां व 15 वां 16 वित्त आयोग, स्वकराधान मद , स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यो के लिए दिनांक 04/04/2026 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्टू(पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री,वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था,मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

अनीता धनेन्द्र राणा, सरपंच — जितेन्द्र लानगे, सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कार्यालय
ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द, जनपद पंचायत लालबर्रा

## न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा
तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट (म.प्र.)

**ईश्तेहार**

रा.प्र.क्र 031/इ-154/वर्ष 2025-26
मौजा- छपरवाही प.ह.न. 53

एतद् द्वारा सर्वसाधरण एवं आम जनता ग्राम छपरवाही तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिता पति विरु जाति गोंड निवासी ग्राम छपरवाही तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपनी सास फुलमा पति तेजलाल की मृत्यु तिथि 10.01.2006 को ग्राम छपरवाही में मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति की इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित्त दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 10/04/ 2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 13/03/2026
नियत दिनांक 10/04/2026

नायब तहसीलदार
उकवा

## कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदाबेहरा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदाबेहरा जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती मीना महेश मेरावी, सरपंच — श्रीमती रसीला मुन्ना लाल कटारे, उप सरपंच
श्री दुर्गाप्रसाद रहांगडाले, सचिव — श्रीमती मानसी महेन्द्र भगत, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सायल
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत सायल जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति धनेश्वरी बतारू मेरावी, सरपंच — श्री दीपलाल बोपचे, उप सरपंच
श्री दशरथ ठाकरे, सचिव — अनील मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवगाव
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत देवगाव जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति चंद्रकला लखन मेरावी, सरपंच — श्री नरबद सिंह परते, उप सरपंच
श्री चिमन मेरावी, सचिव — श्री हेमेन्द्र श्रीसागर, रोजगार सहायक — कु. गोल्डी धूर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत घुम्मुर
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत घुम्मुर जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री जयपाल सिंह तिलगाम, सरपंच — संनसिंह धूर्वे, उप सरपंच
रफिक खान, सचिव — महेश नेताम, रोजगार सहायक — सुश्री धनकुवर मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुदमा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत गुदमा जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री नागेश्वर सिंह टेकाम, सरपंच — बुद्धदिग मरकाम, उप सरपंच
संतोक सिंह धुर्वे, सचिव — संदीप मेरावी, रोजगार सहायक

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री परमानन्द पन्द्रे, सरपंच — श्री मंगलू निषाद, उपसरपंच — श्री योगेश शर्मा, सचिव/जीआरएस

## कार्यालय ग्राम पंचायत केंडा टोला
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मंडई जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमति जुगनी कमल मेरावी, सरपंच — श्री मंजीत सय्यम, उप सरपंच
संतोक सिंह धुर्वे, सचिव — श्रीमति लीकेश्वरी श्रीसागर, रोजगार सहायक — सुश्री रेशमी मेरावी, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत कटंगी
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

अनुराधा जासवंत मेरावी, सरपंच — सूमती धुर्वे, उप सरपंच
श्री बाबुलाल सय्यम सचिव — श्री दुर्गा प्रसाद पंद्रे, रोजगार सहायक — सुश्री उषा धुर्वे, मोबेलाईजर




## कार्यालय ग्राम पंचायत बाकीगुड़ा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत बाकीगुड़ा जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री झामसिंह टेकाम, सरपंच — श्रीमती निर्जला पंचतिलक, उप सरपंच
श्री कार्तिकराम धुर्वे, सचिव — श्री बसंत मालाधारी, रोजगार सहायक — सुश्री शक्ति पंचेश्वर, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत रेलवाही
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - — दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत रेलवाही जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 02/04/2026 से 07/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री छोटूसिंह मरकाम, सरपंच — भूपेन्द्र यादव, उप सरपंच
श्री राजुसिंग उइके, सचिव — सुश्री कान्ति धुर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत भालापुरी
जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्र./क्यु/2026 — दिनांक -1/4/2026

**निविदा**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भालापुरी जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट में वर्ष 2026- 027में जी राम जी योजना, सांसद निधि ,विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/027तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 30/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 01/04/2026 से 30/04/2626 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती देवकी मेरावी, सरपंच — श्रीमती फूलवती मेरावी, उपसरपंच
श्री चरन लाल भुनेश्वर, सचिव — श्री सम्मल सिंह धुर्वे, ग्राम रोजगार सहायक

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत भालापुरी
जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.)

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो 9329033433


सोने, चांदी व हीरे जड़ित आभूषणों के निर्माता व विक्रेता

शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा

गणपति ज्वेलर्स

महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


## प्रदीप जायसवाल ने किया निरीक्षण - दस दिन बाद निर्माणाधीन वारा फ्लाई ओवर पर सभी तरह के वाहनो के लिये आवागमन हो रहा शरू..

### पूल के उपर और पूल के नीचे ग्रामीण सर्विस सडक पर भी लाईट व्यवस्था के दिये निर्देश..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर के निकट तेज गति से निर्माणाधीन वारा रेलवे ओवर ब्रिज का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने आज अधिकारीयो के साथ निरीक्षण किया। साथ ही जल्द लोड टेस्ट के बाद संभवत 10 अप्रैल से इस पूल को सभी तरह के वाहनो के आवागमन के लिये खोलने के निर्देश भी प्रदान किये।***









वारा फ्लाई ओवर पर आवागमन शुरू होने की खुशी पुरे क्षेत्र मे देखी जा रही है। पिछ्ले दो साल पूर्व इसका भव्य समारोह के साथ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने ही भूमीपूजन कर कार्य शुरू करवाया था। निर्धारित समयसीमा मे कार्य पूर्ण होने की खुशी भी सभी जगहो देखी जा रही है।

आज अधिकारीयो के साथ निरिक्षण के समय पूर्व मंत्री ने पूल के ऊपर जगमग रोशनी के लिए भी ट्रांसफॉर्मर के कार्य में जा रही दिक्कतों को शीघ्र दूर करवाने के लिए एसडीएम से चर्चा की। साथ ही पूल के ऊपर रोशनी के साथ ही पुल के नीचे की सर्विस सड़क ( ग्रामीण सड़क ) पर भी पर्याप्त रोशनी व्यवस्था के लिए अधिकारियों की टीम को निर्देशित किया।

एक सवाल पर श्री जायसवाल ने कहा की हमने हमारे पिछ्ले विधानसभा के पांच से कार्यकाल मे हमने क्षेत्र को 6 बडे पूलो की सौगात दी थी। जिसमे इन नदियो के उपर खंडवा पूल का कार्य पूर्ण होकर आवागमन शुरू भी हो गया है। साथ ही बुदबुदा नदीटोला के पूल का कार्य पूर्ण हो चुका है। रामपायली बिठली पूल का निर्माण कार्य समाप्ती पर आ गया है। मेहदूली झालीवाडा पूल पर तो आवागमन तक शुरू हो गया है। जिले का सबसे बडा 40 करोड के घोटी धापेवाडा का पूल तेज गति से निर्माणाधीन है।

एक सवाल पर पूर्व मंत्री ने कहा की वारासिवनी से बालाघाट को जोडने वाले जागपुर पुल का कार्य ढीला प्रतित हो रहा है। कार्यएंजेसी की इस शिकायत को हमने जिलाधीश के समक्ष रख दिया है। अगर ठेकेदार कार्यगति मे सुधार नही करता है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही प्रासंगिक है। आज निरिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, एसडीओ पीडब्ल्यूडी सेतु विभाग अर्जुन सनोडिया,निर्माण एजेंसी प्रमुख सिद्धार्थ जायसवाल आदि के साथ अन्य टीम भी उपस्थित रही।

## सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक, में किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक, बालाघाट में आज एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, बी.एड. कॉलेज तथा आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।***







कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तकनीकी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने आधुनिक मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इन मॉडलों में वर्तमान समय में लोगों को हो रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनके समाधान हेतु नवाचारपूर्ण विचारों को प्रदर्शित किया गया, जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इसके साथ ही पोस्टर मेकिंग एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री धनवले (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज) एवं श्री कस्बे सर (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, पीजी कॉलेज) उपस्थित रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ से पधारे श्री तिवारी सर एवं श्री भंडारी सर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी डायरेक्टर, प्राचार्य एवं समस्त कर्मचारियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सांदीपनि विद्यालय की शानदार व्यवस्थाओ मे जल्द ग्रामीण क्षेत्रो के लिये वाहनो की सुविधा भी करायी जावेगी मुहैया.. प्रदीप जायसवाल..

### स्कूली विद्यार्थीयो के साथ अतिथियो ने एक साथ रसोई मे भोजन कर व्यक्त की प्रसन्नता

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 01अप्रैल से 04अप्रैल तक आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***









नगर के प्रसिद्व सांदीपनि विधालय मे आज प्रवेश उत्सव समारोह मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने नये शैक्षणिक सत्र की शुरूवात मे बच्चो का उत्साहवर्धक करके स्वागत के साथ नामांकन बढाने और शिक्षा के प्रति सकरात्मक माहौल बनाने का प्रयास किया।

विधालय परिवार के द्वारा भव्य स्वागत के बाद इस अवसर पर गुडडा भैया ने तिलक वंदन कर छात्र वर्ग को पुस्तक व साईकिल का भी वितरण किया। गुडडा भैया ने सांदीपनि विधालय की सराहना करते हुये सभी 2360 विद्वार्थीयो को मिल रही अध्धयन व अन्य सुविधाओ की सराहना करते हुये कहा की जल्द हम ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चो के आवागमन के लिये वाहनो की व्यवस्था भी करने जा रहे है।

गुडडा भैया ने यह भी कहा की तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान की दूरगामी सोच के बाद मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के प्रयासो से क्षेत्र मे वारासिवनी व खैरलांजी मुख्यालय मे सांदीपनि विधालय आज शिक्षा के विषय मे नयी क्रांति साबित हो रहे है।

संस्था प्राचार्य हुमराज पटले ने बताया कि चार दिवसीय प्रवेश उत्सव के तहत1अप्रैल को नवीन विद्यार्थियों का स्वागतए 2 अप्रैल को श्भविष्य से भेंटश्ए 3अप्रैल को सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां तथा4अप्रैल को श्हार के आगे जीतश् कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निरूशुल्क पाठ्य पुस्तकेंए यूनिफॉर्म एवं साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को दी गई।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मे विधालय के निरिक्षण के समय न्रत्य शाला, संगीत रूम के अलावा रसोई कक्ष को देखकर अतिथिगण भी प्रभावित नजर आये। बच्चो के साथ सभी ने विशाल कक्ष मे जब एक साथ भोजन किया तो सभी के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव भी नजर आये। कार्यक्रम मे विधायक विवेक पटेल के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जप उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, शैलेन्द्र सेठी, जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत, प्राचार्य हुमराज हनवत सहित अन्य प्रमुखजन मंचासीन भी रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल टेम्भरे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन लखन रिनायत द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ्एपालकों एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खजरी, करवाही और भीमा में जल गुणवत्ता परीक्षण..

जगप्रेरणा कटंगी।

***जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटंगी विकासखंड के खजरी, बैहर विकासखंड के करवाही एवं बिरसा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भीमा में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं।***





लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा स्कूलों एवं आंगनवाडि़यों में फील्ड टेस्टिंग किट (स्नङ्गय) के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के जल नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया। प्रशिक्षित एफ्टीके उपयोगकर्ताओं ने जल के प्रमुख मानकों—क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड की जांच कर ग्रामीणों को तुरंत जानकारी प्रदान की।

अभियान के दौरान सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए ग्राम के सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण की प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि परीक्षण के दौरान किसी जल स्त्रोत का पानी दूषित पाया जाता है, तो संबंधित नमूने को विस्तृत जांच के लिए जिला अथवा विकासखंड स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके। इस प्रकार की गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा जल संरक्षण एवं गुणवत्ता सुधार की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

## बडे जलाशयों में मत्स्यपालन के लिए केज कल्चर लगाने 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

### केज कल्चर लगाने के लिए शासन से मिलेगा अनुदान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा ÷मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026÷ लागू कर दी गई है। मंत्रालय भोपाल से जारी आदेश के अनुसार राज्य में हितग्राही मूलक योजना ÷केज कल्चर÷ के अंतर्गत कुल 10 हजार केज स्थापित***

किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नीति के अनुसार 100 से 1000 हेक्टेयर तक के चयनित जलाशयों में योजना का संचालन मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा किया जाएगा, जबकि 1000 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों में इसका क्रियान्वयन मत्स्य महासंघ के माध्यम से किया जाएगा। योजना के तहत प्रति हितग्राही अधिकतम 18 केज तथा प्रति समिति या संस्था को अधिकतम 72 केज आवंटित किए जा सकेंगे। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परंपरागत मछुआरे, स्व-सहायता समूह तथा मत्स्य सहकारी समितियां पात्र होंगी।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुश्री पूजा रोडगे ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (क्करूरूस्ङ्ग) के अंतर्गत स्थापित होने वाले इन केजों पर अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्ग की महिलाओं को प्रति केज इकाई लागत 3 लाख रुपए पर 60 प्रतिशत (1.80 लाख रुपए) तथा सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुषों को 40 प्रतिशत (1.20 लाख रुपए) अनुदान प्रदान किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं चयन कलेक्टर द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा तथा केज का आवंटन लॉटरी पद्धति से होगा। बालाघाट जिले के इच्छुक मछुवारे एवं मछुआ समिति केज कल्चर लगाने के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग, बालाघाट में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह योजना प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने एवं मछुआरों की आय में वृद्धि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


मान्यता ऑटो पार्ट्स





सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा

मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# स्कूल चले हमः मुख्यमंत्री के संबोधन प्रसारण के साथ प्रवेशोत्सव हुआ शुरू

जगप्रेरणा लांजी।

***स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 'स्कूल चले हम' अभियान के अंतर्गत 1 से 4 अप्रैल 2026 तक राज्यभर में उत्सव मनाया जा रहा है।***







इसी क्रम में 1 अप्रैल को भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश द्वारा प्रातः 10:00 बजे राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉजी में भी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए भव्य प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री के सीधा प्रसारण को विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को दिखाकर किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्रों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली के माध्यम से अभिभावकों को प्रवेश लेने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया (मंडल अध्यक्ष, भाजपा) एवं रेखा शुक्ला (अध्यक्ष, पालक शिक्षक संघ) द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया द्वारा शासन की योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गईं। इसके साथ ही कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल भी प्रदान की गई।

प्रभारी प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने छात्रों, अभिभावकों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे-साइकिल वितरण, मध्याह्न भोजन, पीएम यशस्वी छात्रवृत्ति, संस्कृत छात्रवृत्ति, राज्य एवं केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति, लैपटॉप योजना, निःशुल्क स्कूटी योजना, गणवेश वितरण आदि से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय की सुविधाओं का उल्लेख करते हुए छात्रों से कहा कि वे कक्षा 6वीं से 12वीं तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश लेकर अच्छी मेहनत करें और शिक्षकों के मार्गदर्शन में उच्च सफलता प्राप्त करें। मुख्य अतिथि आलोक चौरासिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय विकासखंड मुख्यालय का प्रमुख विद्यालय है। उन्होंने स्वयं भी इसी विद्यालय से अध्ययन किया है और छात्रों को मेहनत करने तथा शिक्षकों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में अभिभावक ओमकार रतोने सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे और अपने बच्चों का प्रवेश दिलवाया। सभी नवप्रवेशित छात्र पुस्तकें एवं साइकिल प्राप्त कर अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। मंच संचालन खेमराज कोठारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था जी.आर. चिखले, मुरलीधर मेश्राम एवं पदमाकर लटारे द्वारा की गई। रंगोली की व्यवस्था ममता भरने एवं बबीता चौरे के नेतृत्व में छात्रों के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं और नवप्रवेशित छात्रों को शुभाशीष प्रदान किए।

# एडवेंचर पब्लिक स्कूल ने घोषित किया स्थानीय परीक्षाफल..

सफलता पर समिति ने दी बधाई..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र अन्तर्गत भानेगांव मे अंग्रेजी माध्यम से संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव का***









सत्र 2025-26 का 1 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से सातवी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कु. तामसी पिता डिलेश उइके 99.2 प्रतिशत प्रथम, कु. सायरा पिता संतोष पांचे 98.4 प्रतिशत द्वितीय, कु. साक्षी पिता ओमप्रकाश उमरे एवं जान्हवी पिता दशरथ हरिणखेड़े 96.4 प्रतिशत तृतीय स्थान । कक्षा के.जी 1 से कु. कियारा पिता तोमेश ठाकरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. काव्या पिता कमलदास भौतेकर 99.2 प्रतिशत द्वितीय, राग पिता जागेश्वर पटले एवं वेदांश पिता रूपलाल चौधरी 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा के.जी. 2 से कु. ग्रेशना पिता मनोज परिहार, गगन पिता प्रकाश सोनवाने, शौर्य पिता गणेश बाहे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. आर्या पिता परमेश्वर तुरकर, प्रिंश पिता डुमेन्द्र पारधी, प्रिंश पिता हुलास बाहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, कु. हिमांशी पिता सुरेन्द्र बेदरे, रूही पिता सुरेश भाजीपाले, सिद्धार्थ पिता आशिक रावते 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान।

कक्षा पहली से कु. आराध्या पिता भावेश वासनिक, प्रियल पिता अनिल भरतद्वाज 99.6 प्रतिशत प्रथम, अर्पणा पिता प्रकाश बेदरे, वाणी पिता सुनिल बाहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, युग पिता महेन्द्र तेलासकर, कु. निधी पिता राजेश धनोले, अंश पिता आशिक रावते 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा दूसरी से मंयक पिता त्रिलोक दांदरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, दिव्यांश पि दुर्गेश बाप्रे, कु. सियल पिता अन्नु मानकर, द्रोण पिता जागेश्वर पटले 99.2 प्रतिशत द्वितीय, कु. आर्या पिता धनराज सहारे, कु. तनवी पिता हेमराम आठोड, महिमा पिता घनश्याम ठाकरे 98.4 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा तीसरी से आदिश पिता ललित निकुसे 99.2 प्रतिशत प्रथम, कु. गार्गी पिता रमेश ठाकरे 98.8 प्रतिशत द्वितीय, सुशान्त पिता संजय आवरे 97.6 प्रतिशत तृतीय स्थान।

कक्षा चौथी से कु. श्रेया पिता पन्नालाल कोरे 99.6 प्रतिशत प्रथम, कु. रेणू पिता पवन झगराहे 99.2 प्रतिशत द्वितीय, अविनाश पित्ता श्यामराव बारबुधे, रित्रिका पिता रोशनलाल तुरकर 98.8 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा छटवी से हेतांश पिता मनोज कालबेले 98.66 प्रतिशत प्रथम, कु. तृप्ति पिता बल्लारखेडे 98.5 प्रतिशत द्वितीय, कु. मिताली पिता रविन्द्र गायधने 97.16 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा सातवी से कु. सिमरन पिता मोहनलाल धनवले 99.0 प्रतिशत प्रथम, भाविकसिंह पिता ओमकारसिंह जचपेले 98. 83 प्रतिशत द्वितीय, रूद्रप्रताप पिता मनोज कुमार कालबेले 98.6 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इनकी सफलता पर स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष बलराम बड़ेघैया, उपाध्यक्ष सुभाष कुशले सचिव राजाराम कुशले, स्कूल संचालक ए. आर. कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलघैया, सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे, सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले, महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके, सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती, सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी है।

# विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक प्रदान कर सांदीपनी विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

जगप्रेरणा लांजी।

***सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोलेगाव में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ 1 अप्रैल को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।***









नवीन कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य बी.आर. गुरदे सर एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन से किया गया। इसके बाद प्राचार्य महोदय एवं अतिथिगण ने सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर तथा नई पाठ्य-पुस्तकें प्रदान कर अगली कक्षा में उनका औपचारिक प्रवेश कराया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बी.आर. गुरदे ने अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, 'प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है। बिना लक्ष्य के जीवन बिना नाविक वाली नाव के समान है, जो कभी भी किनारे नहीं लग पाती। सफलता तभी मिलती है जब हम स्पष्ट लक्ष्य के साथ निरंतर प्रयास करते हैं।' प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों को भी संदेश देते हुए कहा कि बच्चे स्कूल में मात्र 6 घंटे रहते हैं, जबकि शेष 18 घंटे वे अपने माता-पिता के साथ बिताते हैं। इसलिए बच्चे की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों की जागरूकता और सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन और अन्य प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने पूरे समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में अशोक बापुरेजी पूर्व जनपद सदस्य, बी.आर. बापुरे सेवानिवृत्त अभियंता, रमेश आवरे पूर्व पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष, संतोष आवरे पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत बेनेगांव, एफएल. रिन्हायत सेवानिवृत्त शिक्षक, श्यामलाल बेदरे जनपद सदस्य, श्रीमती बिंदु पांडे नारी शक्ति प्रतिनिधि इसके अलावा विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# पाली अकादमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, समिति ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु दी शुभकामनाएं

जगप्रेरणा लांजी।

***शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सी.बी.एस.ई. विद्यालय पाली अकादमिक संस्थान बिसोनी में सत्र 2025-26 का कक्षावार वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।***









साथ ही सत्र 2026-27 के लिए नवीन सत्र का 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2025-26 में निम्नलिखित छात्र / छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। संस्थान से कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान मानस भालाधरे 98 प्रतिशत, द्वितीय स्थान भारवी कचलाहे 97.05 प्रतिशत, तृतीय स्थान उर्वांश मोहुरले 96.86 प्रतिशत, कक्षा **KG 1+A** प्रथम स्थान वेद सोनबिरसे 99.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सार्वी उके 97.33 प्रतिशत, तृतीय स्थान अजलान खान 96.66 प्रतिशत, कक्षा **KG 2+B** प्रथम स्थान लिबा शेख 99.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आरुष डोंगरे 98.00 प्रतिशत, तृतीय स्थान मिहिका गौतम 96.33 प्रतिशत, कक्षा **KG 2+A** प्रथम स्थान बोधिका भिमटे 98.66 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ग्रीशा ऐडे 97.05 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिकक्षांत बड़में 96.83 प्रतिशत, कक्षा **KG 2+B** प्रथम स्थान कृतिका किरार 99.05 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खुशिका कर्राहे 98 प्रतिशत, तृतीय स्थान अथर्व खोंगल 97.16 प्रतिशत, कक्षा पहली**+A** प्रथम स्थान जिविका किरार 99 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सायशा बसेना 96.62 प्रतिशत, तृतीय स्थान मोहित कुचलाहे 96.05 प्रतिशत, कक्षा पहली **+B** प्रथम स्थान अनाया टेम्भरे 98 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विवांश लोखंडे 97.87 प्रतिशत, तृतीय स्थान नोमित जिवतोडे 97.75 प्रतिशत, कक्षा दूसरी प्रथम स्थान प्रतिष्ठा कांड्रा 99.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अलास्का वाशनिक 98.75 प्रतिशत, तृतीय स्थान शिवाय सोनवाने 97.03 प्रतिशत, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान जिवया टेंभरे 96.75 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्या बुडे 94.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान रितिक कटरे 93.87 प्रतिशत, कक्षा तीसरी **+B** प्रथम स्थान मयोन गरुडे 91.37 प्रतिशत, द्वितीय स्थान काव्या बैठवार 91.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान वेदार्ध चौरसिया 87.05 प्रतिशत, कक्षा चौथी**+A** प्रथम स्थान हर्ष गुर्डे 96.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान धैर्य मेश्राम 92.75 प्रतिशत, तृतीय स्थान अवनी रामटेके 92.12 प्रतिशत, कक्षा चौथी **+B** प्रथम स्थान मायरा फातिमा 91.05 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रियांशी चौधरी 91.12 प्रतिशत, तृतीय स्थान समर्थ रण्दिवे 90.37 प्रतिशत, कक्षा पाँचवी **+A** प्रथम स्थान अपुर्वा चन्द्रिकापुरे 96.12 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जायरा खान 95 प्रतिशत, तृतीय स्थान आरोही गजभिये 93.37 प्रतिशत, कक्षा पाँचवी **+B** प्रथम स्थान दर्शिका चौधरी 97.87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान श्रुति रणदिवे 97.37 प्रतिशत, तृतीय स्थान दक्ष दशरिया 96 प्रतिशत, कक्षा छटवी प्रथम स्थान सानिध्य चौरे 95.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रिया समरिते 92.66 प्रतिशत, तृतीय स्थान पूर्वी पंचाले 92.50 प्रतिशत, कक्षा सातवी प्रथम स्थान निधी चौधरी 90.25 प्रतिशत, द्वितीय स्थान राज आसटकर 90.08 प्रतिशत, तृतीय स्थान सिद्धार्थ कांड्रा 87 प्रतिशत, कक्षा आठवी प्रथम स्थान अदिति श्रीखंड़े 95.68 प्रतिशत, द्वितीय स्थान उदिप्ति सोनवाने 94.58 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रशिक मेश्राम 94.41 प्रतिशत, कक्षा नवमीं - प्रथम स्थान प्रीयांशु विजयवार 95.08 प्रतिशत, द्वितीय स्थान दिव्या काड़े 94.91 प्रतिशत, तृतीय स्थान माधव अड़े 92.83 प्रतिशत विद्यालय छात्र प्रतिनिधि बेस्ट एंकरिंग अवार्ड देशना वैद्य, अंग्रेजी सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वैभव सिंह लोधी, गणित सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - पुण्य ऐडे, विज्ञान सप्ताह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आर्या सोनटेके, शाला छात्र प्रतिनिधि में हेड बाय लक्ष्य रणदिवे, हेड गर्ल दिव्या काडे, सांस्कृतिक प्रमुख प्रखर बिसेन, देशना वैद्य, खेल प्रमुख वेदांग चन्द्रिकापुरे, सौम्या बिल्हारे, अनुशासन प्रमुख माधव अड़े, अक्षलिना बांसोड़, स्वास्थ्य प्रभारी - लिकेश सोनवाने, तनुश्री कर्राह, स्वच्छता भविष्य खोंगल, बरिरा बेग, समस्त छात्र प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

संचालिका महोदया श्रीमती वंदना वैद्य, प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा, प्रबंधक संजय चौरे तथा कक्षा शिक्षक के मार्गदर्शन तथा समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाफके द्वारा छात्रों को बधाई प्रेषित कर उन्हे सील्ड वितरण किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुये सम्मानित किया गया।

संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ये आप लोगों का अथक परिश्रम एवं शिक्षकों का उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है जो आप उच्च अंको से उत्तीण हुए है भविष्य में भी आप इसी तरह उपलब्धियां हासिल कर अपने माता-पिता, परिवार तथा विद्यालय का नाम रोशन करते रहे।

## ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 01/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता बाहे | देवेंद्र शिवाले | गोवर्धन लिल्हारे |

सहा. सचिव - मंजुदेवी बाहे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते है। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# अक्षय घोरमारे शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित, क्षेत्र का बढ़ाया गौरव

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम कालीमाटी निवासी अक्षय घोरमारे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।***







इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी अक्षय को 11वें युवा आर्थिक संघ के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन वैश्विक भारतः विकास और चुनौतियां तथा युवा भारत विकास विषयों पर 29 एवं 30 मार्च 2026 को मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान, उज्जैन में आयोजित हुआ। आयोजन सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, अंतरराष्ट्रीय युवा आर्थिक परिषद तथा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ आर्थिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित विद्वान उपस्थित रहे। जिनमें प्राध्यापक मधुकरभाई एस. पडवी, प्राध्यापक अर्पण भारद्वाज, डॉ. अनिल कुमार तिवारी, प्राध्यापक बी.पी. वीरभद्रप्पा, प्राध्यापक यतींद्र सिंह सिसोदिया और गौरव धाकड़ सहित अन्य विद्वान शामिल थे। अक्षय घोरमारे का शोध पत्र ÷अनुसूचित जनजातीय श्रमिकों के प्रवास की प्रवृत्ति का अध्ययनः बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में÷ विषय पर आधारित था। इसमें प्रवासी श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और आजीविका के विविध पहलुओं का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने इस शोध की सराहना करते हुए इसे उत्कृष्ट योगदान बताया। अक्षय घोरमारे की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बालाघाट जिले और लांजी क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों व डॉलर के मुकाबले दुनियाँ की मुद्राओं में ऐतिहासिक भारी गिरावट से भारी खलबली मची-क्या दुनियाँ फिर एक आर्थिक तूफ़ान की ओर बढ़ रही है?- समग्र अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर 27 मार्च 2026 का दिन भारतीय शेयर बाज़ार के इतिहास में एक और झटके के रूप में दर्ज हुआ, जब बीएसई सेंसेक्स लगभग 1700 अंकों की भारी गिरावट के साथ बंद हुआ और निफ़्टी 500 के साथ-साथ स्मॉल कैप इंडेक्स में भी 1.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बात केवल यही तक सीमित नहीं रही किसी दिन,जब भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.82 के स्तर तक गिरकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।यह गिरावट केवल एक मुद्रा की कमजोरी नहीं थी, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक तनाव, भू-राजनीतिक अस्थिरता और निवेशकों की बदलती मानसिकता का प्रतिबिंब भी थी। सुबह 94.18 पर खुलने वाला रुपया दिन के अंत तक और कमजोर होता गया,जो इस बात का संकेत है कि बाजार में नकारात्मक भावनाएं लगातार हावी रहीं। इस पूरे घटनाक्रम को यदि शेयर बाजार के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि मुद्रा बाजार और इक्विटी बाजार के बीच गहरा और जटिल संबंध है, जो निवेशकों के निर्णयों को सीधे प्रभावित करता है।यह केवल एक दिन की घटना नहीं,बल्कि पिछले कई सप्ताहों से जारी गिरावट की एक कड़ी है,जिसने निवेशकों के मन में गहरी चिंता पैदा कर दी है।इस गिरावट के पीछे केवल घरेलू कारण नहीं हैं,बल्कि वैश्विक स्तरपर उत्पन्न हो रहे संकट विशेषकर ऊर्जा संकट, भू- राजनीतिक तनाव और विदेशी निवेशकों की निकासी ने मिलकर एक ऐसा माहौल तैयार कर दिया है, जो किसी बड़े आर्थिक तूफ़ान की आहट देता है। सवाल यह उठता है कि क्या यह स्थिति फिर से कोविड -19 जैसे वैश्विक संकट की ओर संकेत कर रही है, या यह केवल डर और अफवाहों का परिणाम है?मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र पूरे सप्ताह भर शेयर मार्केट पर नजर रखा और उसका विश्लेषण करते रहा और आज यह अंतिम विश्लेषण निकलाहूं क़ि भारतीय शेयर बाज़ार में हालिया गिरावट के कई प्रमुख कारण हैं। सबसे पहला और महत्वपूर्ण कारण है विदेशी संस्थागत निवेशकों का लगातार पैसा निकालना। जब बड़े विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकालते हैं,तो इससे बाजार में तरलता कम हो जाती है और कीमतों में तेज गिरावट आती है।इसके साथ ही घरेलू संस्थागत निवेशकों की सीमित क्षमता भी इस गिरावट को रोकने में असमर्थ दिखाई दे रही है। छोटे निवेशकों में डर का माहौल बनता जा रहा है, जिससे वे भी तेजी से अपने निवेश निकालने लगते हैं,और यह एक डोमिनो प्रभाव उत्पन्न करता है। मेरा है व्यक्तिगत मत है कि शेयर बाजार में जो भारी अनिश्चितता और उथल-पुथल मची हुई है वह सीधे-सीधे ईरान इजरायल अमेरिका महायुद्ध में ट्रंप द्वारा दिए गए बयानों के अनुसार अप डाउन हो रहा है जो मैंने पूरे सप्ताह में रेखांकित किया हूं इन सबकी चर्चा हम नीचे सटीकता से पैराग्राफवॉइस करेंगे।

साथियों बात अगर हम रुपये की गिरावट के पीछे सबसे प्रमुख कारणों में से एक पश्चिमी एशिया में बढ़ता तनाव था, इसको समझने की करें तो इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता का सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है, और भारत जैसे आयात- निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चिंता का विषय है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से भारत का आयात बिल बढ़ जाता है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है और रुपये पर दबाव पड़ता है। जब निवेशक यह देखते हैं कि किसी देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है,तो वे उस देश के बाजार से दूरी बनाने लगते हैं। यही कारण है कि शेयर बाजार में बिकवाली तेज हो जाती है और सूचकांक गिरने लगते हैं।विदेशी निवेशकों की बिकवाली का एक और महत्वपूर्ण कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती और डॉलर की मजबूती है। जब अमेरिकी डॉलर मजबूत होता है, तो वैश्विक निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए अमेरिका की ओर रुख करते हैं। इससे उभरते बाजारों जैसे भारत से पूंजी का बहिर्वाह होता है।इस प्रक्रिया को फ्लाइट टू सेफ्टी कहा जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय शेयर बाजार में निवेश कम हो जाता है और बाजार में गिरावट आती है।इसके अलावा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि भी निवेशकों को आकर्षित करती है, जिससे वे जोखिम भरे बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों में निवेश करने लगते हैं।रुपये की गिरावट का प्रभाव विभिन्न सेक्टरों पर अलग-अलग तरीके से पड़ता है। उदाहरण के लिए, आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-उन्मुख सेक्टरों को इससे लाभ होता है, क्योंकि उन्हें डॉलर में भुगतान मिलता है। जब रुपया कमजोर होता है, तो उनकी आय बढ़ जाती है। इसके विपरीत, ऑटोमोबाइल, एविएशन और तेल-आधारित उद्योगों को नुकसान होता है, क्योंकि उनके लिए आयात महंगा हो जाता है। शेयर बाजार में इन सेक्टरों के प्रदर्शन में स्पष्ट अंतर देखने को मिलता है, जो निवेशकों के लिए रणनीतिक निर्णय लेने का आधार बनता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक शेयर बाज़ारों की स्थिति एक तुलनात्मक दृष्टि को समझने की करें तो भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई बड़े शेयर बाज़ार इस समय दबाव में हैं।डोव जोनस इंडस्ट्रियल एवरेज में लगातार गिरावट देखी जा रही है,नासडाक कम्पोजिट टेक कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन से प्रभावित है,एफ्टीएसई 100 भी ऊर्जा संकट और महंगाई से जूझ रहा है,इन सभी बाज़ारों में एक समान पैटर्न दिखाई देता है,निवेशकों का विश्वास कम होना,जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और सुरक्षित सटीक निवेश विकल्पों की ओर झुकाव।

साथियों बात अगर हम,विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निकासी निकासी:भारतीय बाजार के लिए सबसे बड़ा खतरा इसको समझने की करें तो,विदेशी निवेशकों की निकासी भारतीय शेयर बाज़ार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है।जब फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बाजार से पैसा निकालते हैं, तो इससे रुपये पर दबाव पड़ता है,जिससे इंडियन रुपया कमजोर होता है।रुपये की कमजोरी से आयात महंगा होता है, जिससे महंगाई बढ़ती है और अंततः इसका असर आम जनता और कंपनियों दोनों पर सटीक रूप से पड़ता है।

साथियों बात अगर हम छोटे निवेशकों पर प्रभावः भय और भ्रम का माहौल को समझने की करें तो,शेयर बाज़ार की गिरावट का सबसे अधिक असर छोटे निवेशकों पर पड़ता है।वे अक्सर डर के कारण गलत समय पर अपने शेयर बेच देते हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान होता है। सोशल मीडिया और अफवाहों के कारण यह डर और भी बढ़ जाता है।इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता है सही जानकारी और धैर्य की, क्योंकि बाजार का स्वभाव ही उतार-चढ़ाव वाला होता है।वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्यादुनियाँ एक नई आर्थिक मंदी की ओर बढ़ रही है।हालांकि अभी इसे पूर्ण रूप से मंदी कहना जल्दबाजी होगी,लेकिन कई संकेत ऐसे हैं जो चिंता बढ़ाते हैंः(1) बढ़ती महंगाई (2) घटती आर्थिक वृद्धि (3) ऊर्जा संकट (4) निवेश में कमी,ये सभी कारक मिलकर एक स्टैगफ्लेशन जैसी भयंकर स्थिति पैदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की स्थितिः चुनौतियां और अवसर को समझने की करें तो,भारत के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन पूरी तरह नकारात्मक नहीं है।भारत की मजबूत घरेलू मांग,डिजिटल अर्थव्यवस्था और सरकारी सुधार इसे अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में रखते हैं।फिर भी, वैश्विक संकट का असर भारत पर भी पड़ेगा,और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।इस अस्थिर समय में निवेशकों को घबराने के बजाय सोच-समझकर निर्णय लेने चाहिए।(1)लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें (2) विविधीकरण अपनाएं (3) अफवाहों से बचें (4) मजबूत कंपनियों में निवेश करें (5) यह समय जोखिम लेने का नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति अपनाने का है।यह कहना गलत होगा कि वर्तमान स्थिति केवल अफवाह है। वास्तव में कई ठोस कारण हैं जो इस गिरावट के पीछे हैं।हालांकि, यह भी सच है कि डर और अफवाहें इस स्थिति को और खराब बना देती हैं।इसलिए जरूरी है कि हम तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित निर्णय लें। साथियों बात अगर हम वैश्विक ऊर्जा संकटः आर्थिक अस्थिरता की जड़ वह शेयर मार्केट में अस्थिरता क़ो समझने की करें तो,आज दुनियाँ एक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रही है।तेल और गैस की आपूर्ति में बाधाएं,विशेषकर मध्य पूर्व में तनाव,ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है।ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि से उत्पादन लागत बढ़ती है, जिससे कंपनियों के मुनाफे पर सीधा असर पड़ता है। जब कंपनियों का लाभ घटता है,तो उनके शेयरों की कीमत भी गिरती है। यही कारण है कि ऊर्जा संकट का सीधा प्रभाव वैश्विक शेयर बाज़ारों पर देखा जा रहा है। यह स्थिति 1973 ऑइल क्राइसिस की याद दिलाती है,जब तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि ने पूरी दुनियाँ की अर्थव्यवस्था को हिला दिया था।

रचनाकार

एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

साथियों बात अगर हम क्या संभावित लॉकडाउन की आशंका वास्तविक है? वह शेयर मार्केट पर इसका क्या असर पड़ेगा इसको समझने की करें तो हाल के दिनों में कुछ देशों में ऊर्जा बचाने के लिए सीमित कार्यदिवस, वर्क फ्रॉम होम और सार्वजनिक संस्थानों को बंद करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। इससे लोगों के मन में यह डर पैदा हो गया है कि कहीं दुनिया फिर से लॉकडाउन की ओर तो नहीं बढ़ रही।हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि वर्तमान स्थिति कोविड -19 जैसी स्वास्थ्य आपदा नहीं है। यह एक आर्थिक और ऊर्जा आधारित संकट है।फिर भी, यदि ऊर्जा की कमी बढ़ती है और सरकारें कठोर कदम उठाती हैं, तो इसका प्रभाव आर्थिक गतिविधियों पर पड़ेगा, जो अप्रत्यक्ष रूप से लॉकडाउन जैसे हालात पैदा कर सकता है। जिससे स्वाभाविक रूप से शेयर मार्केट और गिरता चला जाएगा जिसके लिए निवेशकों को तैयार रहना होगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अनिश्चितता का दौर,लेकिन अवसर भी मौजूद आज दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां आर्थिक, राजनीतिक और ऊर्जा से जुड़े कई संकट एक साथ सामने आ रहे हैं।शेयर बाज़ार की गिरावट इस व्यापक संकट का एक प्रतिबिंब है।हालांकि स्थिति गंभीर है, लेकिन यह अंत नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर संकट के बाद बाजार ने वापसी की है।जरूरत है धैर्य,समझदारी और सही रणनीति की।दुनियाँ शायद कोविड -19 जैसे दौर की ओर नहीं बढ़ रही, लेकिन यह निश्चित है कि हम एक नए आर्थिक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां चुनौतियां भी बड़ी हैं और अवसर भी।

## अप्रैल फूल ऐसा भी..

अप्रैल फूल बनने बनाने के बचपन एवं युवावस्था में अनेक अवसर आए लेकिन युवावस्था को छोड़ प्रौढ़ता की ओर बढ़ते बढ़ते मेरे हम उम्र मित्र भाई स्व. घनश्याम चौहान ( कविता के शौकीन) को अप्रैल फूल बनाने का मज़ा कुछ और ही था।

हुआ यूँ कि घनश्याम व मेरे परममित्र व कवि श्री प्रकाश पुरोहित अकोला से कलकत्ता एक कवि सम्मेलन में जा रहें हैं यह बोलकर मोबाइल पर मैंने झूठी सूचना भाई घनश्याम को देते हुए बताया कि गोंदिया रेलवे स्टेशन पर उनसे दोपहर 1.20 पर आनेवाली मुंबई हावड़ा मेल में मिलने जाना है इसलिये 1 अप्रैल को रेलवे स्टेशन पर मिलो। घनश्याम को 1 अप्रैल का कोई ध्यान नहीं, बेचारा 3 किलोमीटर दूर रेलवे स्टेशन भरी धूप में अपने लड़के के साथ पहुँच गए। ट्रेन आने में समय था, मुझे फोन किया कहाँ हो, पहुंचे नहीं, मैंने ठहाका लगाया, भाई आज अप्रैल फूल है। बस क्या था मोबाइल पर ही मित्रवत् गालियों की बौछार......

अब वो अप्रैल फूल कहाँ..?

**शशि तिवारी**

## बस पैसों से ही पहचान बना है..

बस पैसों से ही पहचान बना है,
दौलत से जीवन में शान बढ़ा है।

मुफ़लिस को नहीं कोई पूछते,
धन वाला ही तो इंसान दिखा है।

पद से प्रतिष्ठा और सम्मान मिले,
बाकी बस भीड़ का ही हिस्सा है।

चाहे हृदय में प्रेम बसा के रख ले,
पर इसका नहीं होता मान यहां है।

हर कोई भाग रहा दौलत के पीछे,
रिश्ते-नाते जहाँ में बेजान हुआ है।

यारों चकाचौंध की इस दुनिया में,
जुगनू तो उजाला बदनाम हुआ है।

**अनिल कसेर 'उजाल'**

## युद्ध के बादल..

दुनिया खड़ी है बारूद की ढेर पर
केवल एक चिंगारी की जरूरत है।
युद्ध के बादल घुमड़ घुमड़ आते
न जाने नेताओं की क्या चाहत हैं।

अपना वर्चस्व साबित करना बस
यही एक दिल की बड़ी ख्वाहिश है।
परिणाम क्या होगा युद्ध का इसे
सोचने की नही कही गुंजाईश है।


पेट्रोल, डिजल और एलपीजी की
सप्लाई पर पड़ रही युद्ध की मार।
हर जगह पर पड़ रहा इसका असर
लोगों पर किल्लत
व महंगाई की मार।

नेता एक दुसरे को
मिटाने पर तुले
नहीं ले रहे समझदारी
से अब काम।
खुद के स्वार्थ के
आगे उनके लिये
बेअसर है बाकी
बचे हुये मुद्दे तमाम।

लेखक

चिरंजीव बिसेन
गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 84



ck;। l। nk;। ¦& 1) मनमोहन सिंग सरकार के एक केन्द्रीय मंत्री का कुलनाम 6) बड़ी बहन के लिए संबोधन 8) घृणा 10) मुंह, वदन 11) अपरिचित 14) खींचतान 15) सिंह 17) मक्का की एक प्रसिद्ध मसजिद 18) उठाव 19) पुष्परज, मधु 21) मुसलमानों का अरबस्थित एक पवित्र स्थल 23) कालीदास द्वारा रचित एक प्रसिद्ध काव्यग्रंथ 25) समस्त, समूचा 26) अंग्रेजी काल गणना का एक महीना 28) जाना, प्रस्थान करना 29) कोलकाता का पूर्ववर्ती नाम 30) टुकड़ा 31) लड़ाई, भिड़ंत 32) प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के ससुराल का कुल नाम 33) बहुत पतला 36) उतारु, तत्पर 37) भरण – पोषण 39) छोटा बच्चा 41) पिता के पिता के पिता 45) प्रणाम 47) गुजरात राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य 48) केश 49) दस और बीस के बीच का एक अंक 50) धंसनेवाला कीचड़ 52) हैरान, विस्मित 53) कटि 56) तंग करना 58) जमाई 59) एक रंग 60) निर्भीक 61) एक छोटा गोल खट्टा मिठा फल 63) मुंह 64) नष्ट, नाश 66) बड़ी पेटी 68) कीचड़ में खिलनेवाला एक फूल 69) निग्रो जाति का व्यक्ति 70) 'इन' का एकवचन 71) एक दल से दूसरे दल में जाने की क्रिया 74) हमारा देश 76) निमंत्रण, बुलाना 77) धर्मशाला 79) शब्द, आवाज 80) कामदेव, पति 81) सन्देह 83) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 84) तांत्रिकों द्वारा देवता को खुश करने के लिए किया जानेवाला पशुओं का वध 85) मृतदेह 87) पात्र, योग्य 89) एक देश जहां का निवासी जगज्जेत्ता सिकंदर था 90) गतिविधी, हलचल 91) अकस्मात, अचानक 93) किसी मंत्र का बार बार और धीरे धीरे उच्चारण 95) निषेध, रोक 96) विष्णु 97) सज्जित होना, सजना 99) बेशर्म 100) भवसागर पार करानेवाला, ईश्वर 103) चतुर, वयस्क 105) खाली, वह कागज जिसपर कुछ लिखा न हो 106) 'कलश' के लिए गावों में उच्चरित शब्द 107) दालान 109) धीरे धीरे टहलने की क्रिया 110) थामना, गिरने से बचाना 111) विष्णु का एक संबोधन

Åij l। uhp। ¦& 1) स्निग्ध, तेल लगा हुआ, जिसपर चलने से पैर फिसल जाये 2) दांत से काटने की क्रिया, विषैले कीड़ों के डंक 3) विस्फोटक गोला 4) रुपया, पैसा 5) मच्छर (सं.) 6) वह प्रदेश जिसे गोवा के साथ पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्त किया गया 7) अत्यंत गरीब, रंक 8) समीप 9) सुंदर, मनोहर 10) अभिनंदन 11) कमी, न होना या कम होने का भाव 12) पुरुष 13) भेट, उपहार 16) एक दशरथ पुत्र 17) सन् 1907 में जर्मनी में तिरंगा ध्वज फहरानेवाली प्रसिद्ध विदेशी क्रान्तिकारी महिला का कुल नाम 18) उठान, ऊंचाई, सूजन 20) बिना किसी रंग का 22) एक प्रसिद्ध प्राचीन विश्वविद्यालय 23) श्वान 24) सन्तान, बच्चे 25) किसी से एखादा कार्य सिद्ध करने के चार उपाय 26) प्रासाद 27) अरुणाचल प्रदेश की राजधानी 31) वस्तुएं, सामग्री 32) अयोग्य, कुछ काम करने के लायक न होना 33) गिरे हुए मकान के पत्थर, ईंटे, मिट्टी आदि 34) दुष्ट 35) मैला 38) नदी का छोर या किनारा 39) बालमित्र 40) जोर से जकड़ना 41) परदे में रहनेवाली स्त्री 42) दयालु, ईश्वर (उर्दू) 43) एक चर्म रोग 44) सिकंदराबाद का जुड़वा शहर 46) बड़ा शहर 51) पानी में उठी हुयी तरंग 54) मेहनत के काम करनेवाले, श्रमिक 55) जानकारी, पता होना 57) नक्षत्र, चांदनी 61) खिंचाव 62) उत्तर प्रदेश का एक जिला मुख्यालय 63) जलवायु 64) इराक का एक प्रसिद्ध औद्योगिक शहर 65) पीसना 66) छत्रपति शिवाजी महाराज के एक पुत्र का नाम 67) कैंची से कागज को बारीक काटना 69) कारागार की वह कोठरी जिसमें अदालत का निर्णय होने तक अभियुक्त को रखा जाता है 70) इस कारण 72) प्रतिशोध 73) लोच आना 75) उलटी, कै 78) जीत, विजय, कीर्ति 82) वह राज्य जिसकी राजधानी बंगलुरु है 84) बाकी बचा हुआ 86) भारी, वजनयुक्त 88) एक देश या संगीत का राग 89) अनाज की पैदास बढ़ाने के लिए खेतों में डाला जानेवाला एक द्रव 91) भान 92) बचकर निकलना या सामनेवाले से बचने की कोशीश करना 94) ठिकाना 96) हुसैन साहब के भाई जिन्हे मुहर्रम के दिन याद किया जाता है 97) लज्जा, हिचक 98) सूअर 99) लता, बिल्व पत्र 101) एक विदेशी शराब 102) वेग, गति 104) विविध 106) न्यूनता 107) शक्ति, ताकत 108) युद्ध (जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*





# अंडर-20 एशियाई कप फुटबॉल में जापान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी।*



भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरुआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया।

स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा, ''हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। यह पूरे देश के लिए बहुत शानदार होगा।' इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है।

कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा, 'हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।' एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमने कजाखस्तान में कुछ मैत्री मैच खेले। हम एक महीने के शिविर के लिए स्वीडन भी गए और हमने उज्बेकिस्तान की टीम को भी भारत में आमंत्रित किया था।'

उन्होंने कहा, 'तो हमारी तैयारी काफी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हम इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। म्यांमार में हुए क्वालीफायर मुकाबलों के बाद से हमने बहुत ही एकाग्र होकर काम किया है। हमने तकनीकी, रणनीतिक और मानसिक हर तरह से एक टीम के तौर पर काफी सुधार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारी तैयारी ने हमें सबसे अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है।' प्रतियोगिता के पहले मैच में भारत के सामने दुनिया की सबसे मजबूत टीम में से एक की चुनौती है।

अंडर-20 एशियाई कप की रिकॉर्ड छह बार की चैंपियन जापान की टीम इस बार भी प्रबल दावेदार के तौर पर आई है और 2018 में विश्व चैंपियन भी बनी थी। मुख्य कोच अकीरा इजिरी ने अपनी टीम के इरादे साफ किए। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य साफ है। हम ग्रुप चरण से आगे बढ़कर विश्व कप जीतना चाहते हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम अपनी पूरी जान लगा देंगे।'

जापान, ऑस्ट्रेलिया (पांच अप्रैल) और चीनी ताइपे (आठ अप्रैल) के साथ कड़े ग्रुप सी में होने की वजह से भारत का नॉकआउट चरण में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है। तीनों ग्रुप में से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इस टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीम फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने से चूका इटली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली मंगलवार को यूरोपीय प्लेऑफमें विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया।*



इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया। फुटबॉल विश्व कप में इटली का गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन उसकी टीम अब अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि पिछले दो विश्व कप के क्वालीफाइंग प्लेऑफ में उसे क्रमशः स्वीडन और उत्तरी मैसेडोनिया ने बाहर कर दिया था। इटली के कोच जेन्नारो गट्टूसो ने कहा, 'यह कहना बहुत आसान है कि टीम के लिए क्या सही है और क्या गलत। सच्चाई यह है कि इटली तीन विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा है। राष्ट्रीय टीम और क्लब दोनों के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने में हमें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।' बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि अमेरिका में जन्मे एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया।

इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनज़ोला ने कहा, 'हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और वह भी इस तरह से। यह सबके लिए निराशाजनक है। हमारे लिए, हमारे परिवारों के लिए और उन सभी बच्चों के लिए जिन्होंने कभी इटली को विश्व कप में खेलते नहीं देखा।' इटली के बाहर होने का मतलब है कि 1934, 1938, 1982 और 2006 का चैंपियन विश्व कप में कम से कम 16 साल तक एक भी मैच नहीं खेल पाएगा। इटली इससे पहले 2010 और 2014 में विश्व कप में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।

यूरोपीय प्लेऑफ फाइनल में जीत हासिल करके स्वीडन, तुर्किए और चेक गणराज्य ने भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से, तुर्किए ने कोसोवो को 1-0 से और चेक गणराज्य ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

## मिल गया आईपीएल में जीत का मंत्र

# एक ही पैटर्न पर जीती लगातार चार टीमें..

डेस्क जगप्रेरणा।

*इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में अब तक चार मैच हो चुके हैं। ऐसा लगता है कि पहले ही कुछ मैचों में जीत का मंत्र टीमों को मिल गया है। दरअसल अभी तक जो मैच हुए हैं, सभी में एक ही पैटर्न देखने को मिल रहा है। जो अपने आप में काफी रोचक है।*



हालांकि देखना यही होगा कि ये सिलसिला जो भी चल रहा है, वो आखिर कब तक चलता है। चलिए आपको बताते हैं कि जीत का मंत्र क्या है और कैसे टीमें जीत दर्ज करने में कामयाब हो रही हैं।

### अब तक खेले गए चार आईपीएल मैचों में क्या हुआ..

इस साल आईपीएल का पहला मैच 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएच ने 201 रन बनाए। आरसीबी ने इस मैच को 6 विकेट से जीत लिया। दूसरा मुकाबला केकेआर और मुंबई इंडियंस के बीच मुंबई में खेला गया। पहले बैटिंग कर केकेआर ने 220 रन बनाए। मुंबई ने 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। तीसरा मुकाबला सीएसके और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुवाहाटी में हुआ। इसमें सीएसके ने 127 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स ने 8 विकेट से अपना मैच जीत लिया। चौथा मुकाबला गुजरात और पंजाब के बीच चंडीगढ़ में हुआ। पहले बैटिंग कर गुजरात टाइटंस ने 162 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने तीन विकेट से इसमें जीत दर्ज की।

### इस साल जीत का चल रहा है ये फॉर्मूला..

अब आप समझ गए होंगे। अगर नहीं तो हम आपको बताए देते हैं। दरअसल हर टीम ने रनों का पीछा करते हुए मैच जीता है। यानी जो टीम बाद में बल्लेबाजी कर रही है, वो जीत रही है। साथ ही होम टीम जीत रही है। मतलब ये कि जिस भी टीम के घर मैच हो रहा है, वो जीत रही है। इतना नहीं, जो टीम टॉस जीत रही है, वही मैच भी जीत रही है। अब तक चार मैचों में एक ही जैसा पैटर्न दिखा है। अब ये सिलसिला कब तक चलेगा, कहना मुश्किल है, लेकिन अभी तक टॉस के साथ ही तय हो जा रहा है कि कौन सी टीम जीतेगी और किसे हार का सामना करना पड़ेगा। कुल मिलाकर ये सब काफी रोचक है।

### आज एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स का मैच..

आज यानी बुधवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच है। अगर पिछला वाला ही सिलसिला जारी रहा तो आप समझ ही गए होंगे कि इस मैच को कौन सी टीम जीतेगी और कौन हार जाएगा। लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो पैटर्न अब तक चल रहा है, वो आगे भी चलता रहता है या फिर चार मैचों के बाद ही बदल जाएगा।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# शाहिद कपूर की 'हैदर' का चॉकलेट बॉय याद है? जिंदगी में घुला कट्टरता का जहर, बना असली आतंकी और तबाह कर ली पूरी लाइफ..

डेस्क जगप्रेरणा।

*कश्मीर की वादियों में जहां कभी केसर की खुशबू महकती थी, वहां पिछले तीन दशकों में कट्टरता के जहर ने कई हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया है। घाटी के युवाओं को गुमराह करने वाले सफेदपोशों और आतंकी आकाओं की साजिशों का शिकार होने वालों में एक ऐसा नाम भी शामिल था, जिसकी पहचान कभी एक उभरते हुए कलाकार के रूप में थी।*



यह कहानी है बांदीपोरा के हाजिन निवासी साकिब बिलाल की, जिसने मशहूर फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज की फिल्म 'हैदर' में एक छोटा लेकिन यादगार कैमियो किया था। फिल्म में साकिब को एक चॉकलेट बॉय के रूप में देखा गया था, जिसे पर्दे पर हिंसा से बचकर भागते हुए दिखाया गया। विडंबना देखिए कि जिस हिंसा से वह रील लाइफमें दूर भाग रहा था, असल जिंदगी में उसी का हिस्सा बनकर उसने अपने अंत की पठकथा लिखी।

### प्रतिभाशाली खिलाड़ी से बंदूक थामने तक का सफर..

साकिब बिलाल केवल अभिनय तक सीमित नहीं था, वह बहुमुखी प्रतिभा का धनी था। एक संपन्न किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाला साकिब पढ़ाई में भी अव्वल था और भविष्य में इंजीनियरिंग करने का सपना देखता था। खेलों के प्रति उसका जुनून ऐसा था कि वह फुटबॉल, कबड्डी और ताइक्कांडो का बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता था।

रंगमंच यानी थियेटर से उसका जुड़ाव गहरा था और उसने श्रीनगर के टैगोर हॉल में 'व्यथ छि यहए' जैसे नाटक में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था। वह अपने गांव हाजिन के ईदगाह मैदान में घंटों फुटबॉल खेला करता था, लेकिन 31 अगस्त 2018 को वह अपने एक साथी के साथ अचानक घर से लापता हो गया। परिवार को अंदेशा भी नहीं था कि फुटबॉल और किताबों से प्यार करने वाला उनका बेटा कट्टरता के रास्ते पर निकल चुका है।

### सफेदपोशों की साजिश और एक उभरते कलाकार का पतन..

साकिब के लापता होने के कुछ समय बाद जब उसकी हाथ में बंदूक लिए तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। सेना के जानकारों का मानना है कि कश्मीर में हिंसा का यह चक्र तब तक नहीं रुकेगा जब तक युवाओं को भड़काने वाले सफेदपोश बेनकाब नहीं होते। साकिब जैसे युवा अक्सर उन लोगों के बहकावे में आ जाते हैं जिनके अपने बच्चे विदेशों या बड़े शहरों में सुरक्षित और शानदार जिंदगी जी रहे होते हैं, लेकिन वे दूसरों के बच्चों के हाथों में हथियार थमा देते हैं।

### गलत राह ने किया तबाह..

दिसंबर 2018 में श्रीनगर के मुजगुंड इलाके में सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में साकिब बिलाल मारा गया। उसकी मौत ने इस सवाल को फिर से जिंदा कर दिया कि आखिर क्यों एक मेधावी छात्र, एक शानदार खिलाड़ी और एक उभरता हुआ अभिनेता मौत के इस रास्ते को चुनता है? साकिब ने शाहिद कपूर, इरफान खान, केके मेनन और तब्बू जैसे शानदार कलाकारों के बीच काम किया। 'हैदर' में उनका कैमियो भले ही छोटा था, लेकिन ये उनके लिए एक शानदार शुरुआत का मौका था। फिल्मी दुनिया में उनके लिए आगे कई रास्ते खुल रहे थे, लेकिन उससे पहले ही उन्होंने अपनी जिंदगी खत्म कर ली। जब साकिब ने साल 2014 में फिल्म की थी तो सिर्फ6वीं क्लास में थे।

# 'भूत बंगला' की रिलीज से पहले सास डिंपल कपाड़िया के साथ उज्जैन महाकाल पहुंचे अक्षय कुमार, देश की लिए खास कामन..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार हाल ही में अपनी सास और दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंचे।*



अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज से पहले आशीर्वाद लेने के लिए अक्षय ने भगवान शिव और नंदी की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अक्षय ने सफेद कुर्ता-पायजामा पहना था, जो उनकी सादगी और श्रद्धा को दर्शाता है। यह कोई पहली बार नहीं है जब अक्षय यहां आए हों, वह कई बार पहले बाबा महाकाल के दर पर मत्था टेकने आते रहते हैं।

### देश के लिए मांगी दुआ..

मंदिर परिसर से बाहर निकलते समय मीडिया से बातचीत के दौरान अक्षय कुमार ने अपनी इस यात्रा के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि भगवान के दर्शन करना उनके लिए बहुत सुखद रहा।

उन्होंने कहा, 'मैंने पूरे देश की समृद्धि और अपने परिवार की भलाई के लिए प्रार्थना की है। मैंने यही मांगा कि हमारा देश हमेशा उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाए।' उनके इस आध्यात्मिक सफर के वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जहां फैंस उनकी धार्मिक आस्था की सराहना कर रहे हैं।

### 'भूत बंगला' अक्षय की अगली फिल्म

साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों की सूची में 'भूत बंगला' का नाम सबसे ऊपर है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच भारी उत्साह की सबसे बड़ी वजह अक्षय कुमार और दिग्गज निर्देशक प्रियदर्शन का पुनर्मिलन है। यह जोड़ी लगभग 14 साल के लंबे अंतराल के बाद किसी प्रोजेक्ट के लिए एक साथ आई है। इससे पहले इस जोड़ी ने 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी कालजयी कॉमेडी फिल्में दी हैं, जिसने दर्शकों की उम्मीदों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

### कब रिलीज होगा ट्रेलर?

फिल्म के प्रमोशन की रणनीति भी बहुत प्रभावी ढंग से तैयार की गई है। फिल्म के टीजर, पोस्टर और गानों को इस तरह से पेश किया जा रहा है कि कहानी का रहस्य भी बरकरार रहे और लोगों की दिलचस्पी भी बनी रहे। हाल ही में जारी हुए टीजर ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, जिसमें प्रियदर्शन की सिग्नेचर शैली की कॉमेडी और डरावनेपन का एक अनोखा मिश्रण देखने को मिल रहा है। यह क्लासिक प्रियदर्शन-स्टाइल ह्यूमर की याद दिलाता है। फिल्म का ट्रेलर 6 अप्रैल होने की रिपोर्ट सामने आई है।


### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म की स्टार कास्ट इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाती है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ परेश रावल, असरानी और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कलाकार नजर आएंगे, जो पुरानी फिल्मों की यादें ताजा कर देंगे। वहीं, वामिका गब्बी और तब्बू की मौजूदगी ने फिल्म में नयापन जोड़ दिया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के सहयोग से बनी इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है, जबकि शोभा कपूर और एकता कपूर इसकी निर्माता हैं। 'भूत बंगला' 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# सौरव गांगुली पर बन रही फिल्म, एक्टिंग का किंग निभाएगा लीड रोल, शुरू हो गई शूटिंग..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने क्रिकेट के दिग्गज सौरव गांगुली के जीवन पर आधारित बायोपिक 'दादाः द सौरव गांगुली स्टोरी' की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। फिल्म का निर्देशन समीक्षकों द्वारा प्रशंसित निर्देशक विक्रम आदित्य मोटवानी कर रहे हैं,*




जो ब्लैक वॉरंट, उड़ान, जुबली और अन्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। राजकुमार राव ने सौरव गांगुली की बायोपिक 'दादाः द सौरव गांगुली स्टोरी' की शूटिंग शुरू कर दी है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'और शुरू हो गया... एक और एकमात्र दादा सौरव गांगुली, विक्रमादित्य मोटवानी, लव रंजन, अंकुर गर्ग।'

### बीते दिनों दिखा था लुक..

हाल ही में 'दादा - द सौरव गांगुली स्टोरी' भी सुर्खियों में थी, हालांकि एक अलग वजह से। फरवरी में राजकुमार कुमार के बदले हुए लुक ने प्रशंसकों को चिंतित कर दिया था, जब वे एक कार्यक्रम में बढ़े हुए वजन और अलग हेयरस्टाइल के साथ पहुंचे थे। उन्हें सफाई देनी पड़ी और सबको आश्वस्त करना पड़ा कि उनकी सेहत में कोई खराबी नहीं है - वे अपनी अगली फिल्म, गांगुली की बायोपिक की तैयारी कर रहे थे, जिसके लिए उन्हें अपना लुक बदलना पड़ा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे लगभग 9-10 किलो वजन बढ़ाना पड़ा और मैं 2 पिज्जा, ढेर सारी मिठाइयां, अपने पसंदीदा आलू पराठे और बिरयानी खा रहा था और किरदार में ढलने के लिए किसी भी तरह के ग्लैमरस लुक का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। उम्मीद है कि जब आप जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म देखेंगे तो आपको मेरी सारी मेहनत नजर आएगी। और अब बदलाव का दौर है और इन अतिरिक्त किलो को कम करने और गांगुली के किरदार में ढलने का समय है। हमारे अपने दादा।'

### महेंद्र सिंह धोनी पर भी बन चुकी बायोपिक..

सौरव गांगुली से पहले कई दिग्गज क्रिकेटर्स पर फिल्में बन चुकी हैं। कपिल देव के वर्ल्डकप के सफर पर भी फिल्म बन चुकी है और इसमें रणवीर सिंह ने लीड रोल निभाया था। साथ ही साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी को भी लोगों ने खूब प्यार दिया था। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने लीड रोल निभाया था। ये फिल्म सुपरहिट रही थी और लोगों को खूब पसंद आई थी।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# एसईजेड इकाइयों को शुल्क राहत का फैसला सीमित समय के लिए, नीति में बदलाव नहीं: सूत्र..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में मौजूद विनिर्माण इकाइयों को घरेलू बाजार में बिक्री के लिए सीमित शुल्क रियायत देने का सरकार का फैसला एकबार दी गई राहत है और इसे नीति में स्थायी बदलाव के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।***



वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि एसईजेड का मूल रूप से ध्यान निर्यात पर ही बना रहेगा। सरकार ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच एसईजेड में मौजूद विनिर्माण इकाइयों को राहत देने के लिए अधिसूचित उत्पादों की घरेलू बाजार में बिक्री पर मार्च, 2027 तक एक वर्ष के लिए शुल्क रियायत दी है।

सूत्रों ने कहा, ÷यह एक सीमित समय वाला और लक्षित अल्पकालिक उपाय है। इसका उद्देश्य एसईजेड इकाइयों के सामने मौजूद तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करना है। यह एसईजेड रूपरेखा में कोई व्यापक या स्थायी बदलाव नहीं है।÷

इस प्रावधान के तहत एसईजेड इकाइयों को अपने निर्यात कारोबार का अधिकतम 30 प्रतिशत तक घरेलू बाजार में बेचने की अनुमति दी गई है।

सूत्रों ने कहा कि यह सीमा व्यवस्था को संतुलित और नियंत्रित बनाए रखने के लिए तय की गई है, ताकि एसईजेड का निर्यात-केन्द्रित स्वरूप बरकरार रहे।

इसके अलावा, न्यूनतम मूल्य संवर्धन की शर्त यह सुनिश्चित करती है कि लाभ वास्तविक विनिर्माण गतिविधियों को ही मिले, न कि कम मूल्य के व्यापार को।

सूत्रों के मुताबिक, कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को इस शुल्क राहत से बाहर रखा गया है, ताकि घरेलू उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रियायती शुल्क दरें इस तरह निर्धारित की गई हैं कि घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) की इकाइयों के साथ समान प्रतिस्पर्धा बनी रहे।

सूत्रों ने कहा, ÷यह रियायत एसईजेड में स्थित इकाइयों को अतिरिक्त लाभ देने के लिए नहीं, बल्कि उनके मौजूदा कर लाभों को संतुलित करने के लिए है।÷ उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कदम वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, भू-राजनीतिक व्यवधान और निर्यात मांग में कमजोरी जैसे बाहरी कारकों के कारण उठाया गया है, ताकि एसईजेड इकाइयां अपनी उत्पादन क्षमता के करीब संचालन जारी रख सकें।

सूत्रों ने कहा कि इस उपाय को केवल एक बार दी गई राहत के रूप में ही देखा जाना चाहिए और इससे घरेलू बाजार में एसईजेड की भूमिका के विस्तार का कोई संकेत नहीं माना जाना चाहिए।

# नया आयकर कानून देश के कर प्रशासन में नया अध्याय, विकसित भारत की ओर एक कदम: सीबीडीटी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बुधवार को कहा कि नया आयकर कानून, 2025 भारत के कर प्रशासन में एक नए अध्याय की शुरुआत है और यह विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नया कानून बुधवार से प्रभावी हो गया है।***




नए अधिनियम ने छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लिया है। इसमें कानून को सरल बनाया गया है।

सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, ''यह मूल कर नीति में बदलाव किए बिना सरल भाषा, सुव्यवस्थित संरचना और पाठक-अनुकूल प्रस्तुति के जरिये अधिक स्पष्टता और अनुपालन में आसानी की ओर एक बदलाव का प्रतीक है।''

बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाला आयकर कानून 2025 भारत के कर प्रशासन में एक नया अध्याय और विकसित भारत की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। आयकर विभाग ने कहा कि उसका ई-फाइलिंग पोर्टल संक्रमण काल के दौरान पुराने और नए, दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा।

पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील और अन्य कार्यवाही उनके अंतिम समाधान तक पुराने अधिनियम के तहत ही होती रहेंगी।

करदाता जुलाई 2026 में आकलन वर्ष (एआई) 2026-27 (जो पुराने कानून से शासित अवधि से संबंधित है) के लिए रिटर्न दाखिल करते समय पुराने अधिनियम के तहत निर्धारित फॉर्म का ही उपयोग करेंगे।

कर वर्ष 2026-27 के लिए जून 2026 से शुरू अग्रिम कर का भुगतान नए कानून के अनुसार किया जाएगा।

आयकर अधिनियम, 2025, आकलन वर्ष और पिछले वर्ष के बीच के अंतर को समाप्त करके कर भुगतान की समयसीमा को सरल बनाता है और इसे एक ही 'कर वर्ष' रूपरेखा से प्रतिस्थापित करता है।

यह करदाताओं को समयसीमा के बाद भी आयकर रिटर्न दाखिल कर बिना किसी जुर्माने के टीडीएस वापसी का दावा करने की अनुमति देता है।

# यात्री वाहन बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा बनी दूसरी सबसे बड़ी कंपनी, मारुति पहले स्थान पर बरकरार

नई दिल्ली, (भाषा)।

***घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी एसयूवी गाड़ियों की भारी मांग के दम पर भारतीय बाजार की दूसरी सबसे बड़ी यात्री वाहन कंपनी बन गई है।***



महिंद्रा ने लंबे समय से दूसरे स्थान पर काबिज हुंदै मोटर इंडिया और अपनी घरेलू प्रतिद्वंद्वी टाटा मोटर्स को पीछे छोड़ दिया है। मारुति सुजुकी अब भी भारतीय बाजार में पहले स्थान पर बनी हुई है। वाहन निर्माताओं के बिक्री के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. बिक्री के मामले में तीसरे स्थान पर रही। वहीं, हुंदै मोटर इंडिया लि., जो वित्त वर्ष 2024-25 में दूसरे स्थान पर थी, अब गिरकर चौथे स्थान पर आ गई है।

बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2026 में 18,23,129 यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री की, जो पिछले वित्त वर्ष के 17,60,767 वाहनों के मुकाबले 3.54 प्रतिशत अधिक है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा 6,60,276 इकाइयों की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की 5,51,487 इकाइयों के मुकाबले 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड 6,31,387 इकाइयों के साथ तीसरे स्थान पर रही, जो पिछले साल (5,53,585 इकाई) की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। दूसरी ओर, हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड की घरेलू बिक्री में 2.29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 5,98,666 इकाइयों से घटकर 5,84,906 इकाई रह गई।

दूसरे स्थान पर पहुंचने पर महिंद्रा एंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वाहन एवं फार्म क्षेत्र) राजेश जेजुरिकर ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य राजस्व के मामले में नंबर एक एसयूवी कंपनी बनने का था, जिसे हासिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दूसरी सबसे बड़ी यात्री वाहन कंपनी बनना हमारे लिए गर्व की बात है।

जेजुरिकर ने जोर दिया कि कंपनी की प्राथमिकता ऐसे उत्पाद बनाना है जो ग्राहकों को पसंद आएं। भारत में कुल यात्री वाहनों की बिक्री ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल बिक्री बढ़कर 47 लाख इकाई तक पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था।

# युद्ध रुकने की संभावना के बीच अधिकांश तेल-तिलहन के दाम टूटे

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ईरान के साथ अमेरिका एवं इजराइल के टकराव थमने की उम्मीदों के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बुधवार को सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन***



जैसे तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखी गई जबकि मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया और शिकागो एक्सचेंज में गिरावट जारी है। बुधवार रात शिकॉगो एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था।

बाजार सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से युद्ध थमने की उम्मीद के बीच खाद्य तेल आपूर्ति में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद बढ़ी है। इस उम्मीद का असर खाद्यतेल-तिलहनों पर भी देखा गया और कीमतों में गिरावट देखी गई।

उन्होंने कहा कि सरसों के मामले में देखें तो किसान नीचे दाम पर इसे बेचने को कहीं से तैयार नहीं दीखते और दाम तोड़े जाने की तमाम कोशिशों के बावजूद किसान रोक-रोक कर मंडियों में माल ला रहे हैं।

सरसों की बड़ी तेल मिलों ने इसके खरीद के दाम में 50-100 रुपये क्विंटल की कमी की है जो सरसों तेल-तिलहन में गिरावट आने का मुख्य कारण है। वैसे बाकी अन्य 'सॉफ्ट आयल' (नरम खाद्यतेलों) में सबसे सस्ता होने की वजह से सरसों की निरंतर मांग बनी हुई है। सूरजमुखी, सोयाबीन जैसे खाद्यतेलों से सरसों तेल का दाम 15-20 रुपये लीटर सस्ता है। इस वक्त, सरकार को सरसों का स्टॉक बनाकर रखना मुश्किल वक्त के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के बड़े संयंत्रों ने सोयाबीन का खरीद दाम 50-70 रुपये क्विंटल घटाया है जिसकी वजह से सोयाबीन तिलहन में भी गिरावट देखी गई। वहीं, कम आयात की वजह से आपूर्ति की कमी और शादी विवाह के मौसम की मांग के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।

उन्होंने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट की वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में भी गिरावट रही।

सूत्रों ने कहा कि मंहगा होने के कारण कामकाज सुस्त रहने से मूंगफली तेल-तिलहन स्थिर रहे। सूरजमुखी और मूंगफली तेल से सस्ता होने तथा मांग बढ़ने के बीच आवक कम रहने के कारण बिनौला तेल के दाम में भी स्थिरता बनी रही।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,025-7,050 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली- 7,250-7,725 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,550 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,770-3,070 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 14,950 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,465-2,565 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,465-2,610 रुपये प्रति टिन। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,750 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 16,150 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 13,400 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 13,600 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,300 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,725-5,775 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 5,400-5,475 रुपये प्रति क्विंटल।

# हीरो मोटो, होंडा मोटरसाइकिल, टीवीएस मोटर की दोपहिया बिक्री पकड़ी रफ्तार..

मुंबई, (भाषा)।

***देश की सबसे बड़ी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प की मार्च महीने में कुल बिक्री 8.84 प्रतिशत बढ़कर 5,98,198 इकाई रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 5,49,604 इकाई बेची थी।***



हीरो मोटोकॉर्प ने बुधवार को कहा कि सरकारी वाहन पंजीकरण मंच 'वाहन' के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में उसकी खुदरा दोपहिया बिक्री 5,42,436 इकाई रही जो सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है।

कंपनी ने कहा कि इस मांग में 100-125सीसी खंड की अहम भूमिका रही। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में भी मांग तेज रहने से इसे समर्थन मिला।

वहीं, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने मार्च 2026 में कुल 5,49,145 इकाइयों की बिक्री की जो पिछले साल इसी महीने के 4,27,448 इकाइयों की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है।

एचएमएसआई ने बताया कि मार्च में उसने 5,12,303 इकाइयों की घरेलू बिक्री की जबकि इस दौरान 36,842 इकाइयों का निर्यात हुआ।

दोपहिया वाहन के अलावा तिपहिया खंड में भी सक्रिय कंपनी टीवीएस मोटर ने बीते महीने कुल 5,19,358 वाहनों की बिक्री की जो एक साल पहले बिकी 4,14,687 इकाइयों से 25 प्रतिशत अधिक है।

मार्च, 2026 में टीवीएस मोटर की घरेलू दोपहिया बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 3,72,383 इकाई हो गई। इसके अलावा कंपनी ने 1,41,443 इकाइयों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बिक्री की जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है।

इस दौरान कंपनी की तिपहिया बिक्री 46 प्रतिशत उछलकर 21,224 इकाई हो गई जो मार्च, 2025 में 14,567 इकाई थी।

इसके अलावा, सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने भी मार्च महीने में कुल 1,31,491 इकाइयों की बिक्री की जो साल भर पहले के 1,18,491 इकाई से 11 प्रतिशत अधिक है।


इस दौरान घरेलू खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 1,08,661 इकाई हो गई जबकि इसने 22,830 इकाइयों का निर्यात भी किया।

सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने कहा कि मार्च के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ उसने वित्त वर्ष 2025-26 का भी शानदार समापन किया है। इस दौरान उसने कुल 14,39,415 दोपहिया की बिक्री कर अपना रिकॉर्ड बनाया है।

# रुपये की गिरावट थामने के लिए आरबीआई ने उठाए कई कदम..

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज गिरावट के बीच बुधवार को अधिकृत डीलरों के लिए कई नए कदमों की घोषणा की। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।***



केंद्रीय बैंक ने एक अधिसूचना में कहा कि अधिकृत डीलर यानी विदेशी मुद्रा लेनदेन की अनुमति वाले बैंक अब रुपये से जुड़े नॉन-डिलीवेरेबल डेरिवेटिव (एनडीडी) अनुबंधों की पेशकश निवासी और अनिवासी ग्राहकों के लिए नहीं कर सकेंगे।

हालांकि, अधिकृत डीलर बैंकों को डिलीवेरेबल विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध पेश करने की अनुमति जारी रहेगी, ताकि ग्राहक जोखिम से बचाव की अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। इसके साथ शर्त यह है कि ग्राहक इसके समानांतर नॉन-डिलीवेरेबल सौदे नहीं कर सकेंगे।

आरबीआई ने यह भी निर्देश दिया कि अधिकृत डीलर बैंक ऐसे किसी भी विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक नहीं कर सकेंगे, जिसे इन निर्देशों के लागू होने के बाद रद्द किया गया हो। नियमों के अनुपालन के लिए बैंक ग्राहकों से आवश्यक जानकारी या दस्तावेज मांग सकते हैं।

इसके अलावा, डीलर बैंकों को अपने 'संबंधित पक्षों' के साथ किसी भी तरह के विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव सौदे करने से रोक दिया गया है।

'संबंधित पक्ष' की परिभाषा भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 24 या अंतरराष्ट्रीय मानक (आईएएस) 24 के अनुरूप तय होगी।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब रुपया हाल ही में कारोबारी सत्र के दौरान 95 रुपये प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को भी पार कर गया था।

इससे पहले, आरबीआई ने अधिकृत डीलर बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये की नेट ओपन पोजीशन (विदेशी मुद्रा में कुल खरीद और बिक्री के बीच का अंतर) पर 10 करोड़ डॉलर की सीमा भी तय की थी।





# जग प्रेरणा देश विदेश



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## चोर को पकड़ने की कोशिश में ट्रेन की चपेट में आया सिपाही, दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से बड़ी ही दर्दनाक घटना की खबर सामने आई है। गोंडा रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध चोर को पकड़ने की कोशिश में रेलवे पुलिस यानी जीआरपी का सिपाही ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में सिपाही के दोनों पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।***

अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, सिपाही पुलिस की हिरासत से भाग रहे एक संदिग्ध चोर को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे जब ये हादसा हुआ।

### क्या है पूरा मामला?

अधिकारियों ने बताया है कि ये पूरी घटना मंगलवार को गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर रात करीब 12 बजे हुई है। मऊ जिले के मूल निवासी व 2018 बैच के सिपाही आकाश सिंह (उम्र 29 वर्ष) ने मारपीट और कथित चोरी के आरोप में सुनील कुमार नाम के शख्स को हिरासत में लिया था। जब आरोपी को पूछताछ के लिए ले जाया जा रहा था तब वह हाथ छुड़ाकर भागने लगा। उसी दौरान प्लेटफॉर्म पर डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी जिसमें आरोपी चढ़कर भागने का प्रयास करने लगा।




सिपाही आकाश सिंह उसे पकड़ने के लिए दौड़े और हाथ पकड़कर उसे ट्रेन से नीचे खींच लिया। हालांकि, इसी दौरान वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खाली जगह में गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए।

### सिपाही का इलाज जारी..

इस घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने घायल सिपाही आकाश सिंह को जल्द से जल्द रेलवे के अस्पताल में पहुंचाया। यहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। हालांकि, यहां शुरुआती इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए सिपाही को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। वर्तमान में सिपाही का इलाज चल रहा है और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है।

### आरोपी भी पकड़ा गया..

अधिकारियों ने बताया है कि इस घटना में शामिल आरोपी सुनील कुमार को पकड़ लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान वह भी घायल हो गया था। उसका भी मेडिकल कालेज में इलाज किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ मारपीट, चोरी तथा पुलिस हिरासत से भागने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी ओर तत्र्क्कके एसपी ने गोरखपुर जोन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपना एक दिन का वेतन पीड़ित सिपाही को दें।

## जालना में एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, मजदूरों से भरी पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर; 7 की मौत...

डेस्क जगप्रेरणा।

***महाराष्ट्र के जालना से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां समृद्धि एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 6 से 7 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।***

मृतकों में 6 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी महिलाएं समृद्धि एक्सप्रेसवे पर मजदूरी का काम करती थीं।

### पिकअप में सवार 7 लोगों की मौत..

बता दें कि यह हादसा जालना जिले के कडवंची गांव के पास समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हुआ। मजदूरों को लेकर जा रहे एक पिकअप वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

### लापरवाही से गाड़ी चलाने में गई जान..



फिर, मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत जालना जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है और लोगों में आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

### पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के परिजनों को सौंपा जाएगा शव..

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मृतकों के परिजनों को खबर कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। घायलों को इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### मिला हर संभव सरकारी मदद का आश्वासन..

इस बीच, जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और मृतकों के परिजनों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर बहेला में मनाया गया प्रवेश उत्सव..

जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला (लांजी) में 01 अप्रैल प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजन से हुई। इस अवसर पर प्राचार्य गणेश फरदे, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती माया वाल्दे, शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा समस्त शिक्षकों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की।***

तत्पश्चात कक्षा 1 से 12वीं तक के उपस्थित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर नई पुस्तकें वितरित की गई। प्राचार्य गणेश फरदे तथा अन्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। प्राचार्य ने सभी छात्रों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय आने की सलाह दी और शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्रों को मध्याह्न भोजन में विशेष भोजन परोसा गया।




इस प्रवेश उत्सव में शिक्षक सुखमन कुराहे, श्रीमती रेखा लिल्हारे, सुमंत कुमार कार्तिकेय, धनेन्द्र कुमार मरकाम, संतोष कुमार कुराहे, भेरसिंह लिल्हारे, युगेश गिरेपुंजे, पंकज खरें, रामनिवास अवसरे, श्रीमती डिलेश्वरी फरदे, शिवनारायण दहीकर, गोविंद भोयर, शोभेलाल बनोठे, प्रेमानंद लिल्हारे, चन्द्रप्रकाश लिल्हारे, श्रीमती रीता अजनार, सुश्री आशू बोरकर, चन्द्र कुमार सोनी, सुखदेव रहांगडाले, भागीरथ लिल्हारे, थानेश्वर दमाहे, डालीराम उपराड़े, मनोज कुमार कोठारे, श्रीमती शीला ढोके, ज्योति मोहारे, श्रीमती रोशनी अवसरे, पुष्पा लिल्हारे, जैशिला दशरिया, माया तुरकर, महिमा येड़े, उज्मा खान, शशिकला कुराहे, डालेन्द्र दशरिया, राजेंद्र दशरिया, रविशंकर मेहरकर, दुर्योधन लिल्हारे, संकेत वासनिक, कर्मवीर रहांगडाले, राजेश लांडे, श्रीमती इंदिरा मानकर आदि सहित विद्यालय के लगभग सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के समापन पर सुश्री आशू बोरकर ने सभी अतिथियों, शिक्षकों तथा छात्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुखदेव रहांगडाले एवं डालीराम उपराड़े द्वारा किया गया। यह प्रवेश उत्सव विद्यालय में नई शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत के रूप में यादगार रहा, जिसमें शिक्षा के प्रति समर्पण और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## तिलक वंदन व पाठ्य पुस्तक प्रदान कर मा. शा. घोटी में मनाया प्रवेश उत्सव..

जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय माध्यमिक शाला घोटी में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य***



श्रीमती सरस्वती बारेकर जी एवं भारतीय जनता पार्टी मण्डल लांजी के महामंत्री तुकाराम बारेकर जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद स्कूल के समस्त विद्यार्थियों का तिलक वंदन किया गया तथा उन्हें नवीन पाठ्यक्रम की किताबें वितरित की गई।

इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ ने जनप्रतिनिधियों को स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया। स्टॉफ ने बताया कि पिछले दो वर्षों से स्कूल में एक शिक्षक और एक चपरासी की कमी बनी हुई है, जिसके कारण पढ़ाई और साफ-सफाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टॉफ ने छोटी सी अर्जी करते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की अपील की। जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती बारेकर जी ने आश्वासन दिया कि स्कूल की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है और शेष समस्याएं भी शीघ्र सुलझा दी जाएंगी। कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक शाला घोटी के प्राचार्य दिलीप महोबिया, संजीव वासनिक, टी.सी. कौशल, टी.आर. गजभिए, इंदिरा कर्राहे, सीमा शुक्ला, रुपलता खानोरकर, कमला खानोरकर, कमलेश मस्करे सहित समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

## पीएम श्री में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को हुआ निःशुल्क साइकिल व पाठ्य पुस्तक का वितरण..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी। शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।***





कार्यक्रम में नगर परिषद् लांजी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि श्रीमती वर्षा मेश्राम विशेष अतिथि और प्रमोद कुमार भिमटे की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारतमाता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-वंदन के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। शासन की मंशा के अनुरूप कक्षा 9वीं में नवप्रवेशी छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा निःशुल्क साइकिल एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा कालबेले ने छात्राओं को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और जीवन में उच्च पद प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक आनंद लातारे, दिनेश्वर वाकड़े, अमित आसटकर, एस.आर. तिडके तथा शिक्षिकाएं निशा तिडके, यशोधरा रणदिवे, सरस्वती बिल्हारे आदि ने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पी.के. भिमटे ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए छात्राओं को इन योजनाओं का लाभ लेने और कड़ी मेहनत से जीवन में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया।इस कार्यक्रम का सफल संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक बसंत रामटेके ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का सम्पूर्ण स्टॉफउपस्थित रहा।

## जल संवर्धन अभियान के तहत राहगीरों के लिए खोले प्याऊ..

जगप्रेरणा लांजी।

***भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने सराहनीय पहल की है।***



'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत 'जल मंदिर प्याऊ' का शुभारंभ किया गया है। इस पहल से गांव-गांव में राहगीरों को आसानी से ठंडा और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। 'जल शक्ति से नव भक्ति÷ कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई इस मुहिम में भीमोडी, बेनेगांव, आवा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन प्याऊ की खासियत यह है कि इन्हें स्थानीय व्यवसायियों के सक्रिय सहयोग से तैयार किया गया है। साथ ही, इनकी देखरेख और प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी भी स्थानीय दुकानदारों को सौंपी गई है, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन और जिला समन्वयक सुशील बर्मन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक (जन अभियान परिषद) श्री संतोष नगपुरे उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विकासखंड लांजी में इस अभियान को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से जल्द ही कुल 45 प्याऊ स्थापित किए जाएंगे।'

श्री नगपुरे ने यह भी कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ी जागरूकता पैदा करते हैं और लोगों को स्वैच्छिक सामाजिक कार्यों से जोड़ते हैं। 'जल मंदिर प्याऊ' की यह पहल न केवल राहगीरों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में सेवा भावना, सहयोग और जल संरक्षण का सशक्त संदेश भी दे रही है।

## भानेगांव में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान..






जगप्रेरणा भानेगांव।

1 अप्रैल 2026 को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में प्रवेश उत्सव उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजन-अर्चन से की गई, जिसके पश्चात नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नए विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं अध्ययन सामग्री वितरित की गई, जिससे उनके नए शैक्षणिक सत्र की सुगम शुरुआत हो सके। साथ ही हाल ही में कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम में जनपद लांजी के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अजय अवसरे लीलाधर रावते, सीताराम रावते, रेवाजी करहाटकरें, जनपद सदस्य रूपचंद रावते, श्रीमती ऊषा रावते पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष, श्रीमती दुबे मैडम लीलाधर भुइयाकर उपाध्यक्ष दिलीप डोंगरे चंद्रभूषण चौहान प्राचार्य पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव डिलेंद्र सिंह चौधरी, लेकेश्वर चंदनवार,सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं कड़ी मेहनत का महत्व बताते हुए शिक्षा को जीवन की सफलता की कुंजी बताया। अंत में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।









जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353

# देवरी में हाईवे पर 'दीवार वाला पुल' नहीं, 'खंभों वाला पुल' चाहिए..

## व्यापारियों और नागरिकों का आक्रामक रुख; उपमंडल अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन..

## आ. परिणय फुके एवम आ.संजय पुराम को दिया निवेदन..





**जगप्रेरणा देवरी।**

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर देवरी शहर से गुजरने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर (उड़ान पुल) की संरचना को लेकर अब शहरवासी आक्रामक हो गए हैं। प्रशासन द्वारा प्रस्तावित 'कॉम्पैक्ट ब्रिज' (दोनों तरफसे दीवारों वाला बंद पुल) को देवरी शहर के अस्तित्व के लिए घातक बताते हुए नागरिकों ने साकोली और लाखनी की तर्ज पर 'कॉलम ब्रिज' (खंभों पर आधारित खुला पुल) बनाने की माँग की है। इस संबंध में सोमवार को उपमंडल अधिकारी **(SDO)** के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को विस्तृत ज्ञापन भेजा गया।

### क्या शहर के दो टुकड़े हो जाएंगे?

देवरी गोंदिया जिले का एक महत्वपूर्ण बाजार है। वर्तमान योजना के अनुसार, यदि शहर के मध्य से गुजरने वाला पुल दोनों तरफ से बंद दीवारों **(Compact Bridge)** वाला होगा, तो शहर भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में विभाजित हो जाएगा। इससे नागरिकों को दैनिक कार्यों के लिए सड़क पार करना मुश्किल हो जाएगा। साथ ही, हाईवे के दोनों ओर स्थित बाजार का संपर्क टूटने से व्यापार पूरी तरह ठप्प होने की आशंका व्यापारियों ने व्यक्त की है।

### साकोली-लाखनी का उदाहरण..

ज्ञापन में नागरिकों ने स्पष्ट किया है कि इसी राजमार्ग पर साकोली और लाखनी शहरों में खंभों पर आधारित **(Column Bridge)** पुल बनाए गए हैं। उन पुलों के कारण शहर की सुंदरता बढ़ी है और नीचे की जगह का उपयोग यातायात और पार्किंग के लिए किया जा रहा है। 'फिर देवरी के साथ ही यह 'भेदभाव' क्यों?' ऐसा सवाल अब उठाया जा रहा है।

### ज्ञापन की मुख्य माँगें..

प्रस्तावित 'कॉम्पैक्ट ब्रिज' को तत्काल रद्द किया जाए। शहर की कनेक्टिविटी बनाए रखने के लिए 'कॉलम ब्रिज' मंजूर किया जाए। स्थानीय व्यापारियों के आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए पुल का पुनर्गठन किया जाए।

### बोले स्थानीय नागरिक..

'अगर शहर के बीचों-बीच दीवारें खड़ी कर दी गईं, तो देवरी का बाजार खत्म हो जाएगा। हमें शहर के विकास के लिए पुल चाहिए, लेकिन वह शहर को मारने वाला नहीं होना चाहिए। इसीलिए हम खंभों वाले पुल की माँग कर रहे हैं।'

इस ज्ञापन के साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI)** द्वारा जारी निविदा**(Tender)** की प्रति और नक्शा भी संलग्न किया गया है। अब केंद्र सरकार और सड़क परिवहन मंत्रालय देवरी के निवासियों की इस माँग पर क्या निर्णय लेते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि माँग पूरी नहीं हुई, तो आने वाले समय में तीव्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# विदुषी सुश्री पद्महस्ता भारतीजी की मधुरवाणी में श्रीराम कथा का हो रहा सजीव चित्रण - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल..

## पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने दिव्य ज्योति जागृती संस्थान द्वारा आमगांव में आयोजित भव्य श्री रामकथा ज्ञानयज्ञ में पहुंचकर प्राप्त किया व्यासपीठ का आशीर्वाद..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

*सुप्रसिध्द दिव्य ज्योती जागृती संस्थान द्वारा आमगांव में आयोजित श्रीराम कथा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक विदुषी सुश्री पद्महस्ता भारतीजी की मधुरवाणी वाणी में आयोजित*

संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने पहुचकर कथा श्रवण के साथ-साथ पुजा-अर्चना कर व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कथा के आयोजक दिव्य ज्योती परिवार के सदस्य पूर्व विधायक केशव मानकर, पूर्व विधायक सहेषराम कोरोटे, बंशीधर जी अग्रवाल आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

उपस्थितों को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा की, भारत वर्ष संतों की भूमी रही है और इस भूमी पर हजारों वर्षो से अनेक संत महात्माओं ने परमात्मा के प्रती नागरीकों में भक्तीभाव को जागृत रखा है। भारतीय संस्कृति में सर्वाधिक महत्व रामकथा ज्ञानयज्ञ का है। ये परमात्मा से मिलने एवं जीवन को कृताज्ञ करने का सरल-सुगम मार्ग है। इस रामकथा का संगीतमय आयोजन कर दिव्य ज्योती परिवार ने क्षेत्र के नागरीकों को सदमार्ग पर ले जाने का जो प्रयास किया है, उसके लिए संस्थान अभिनंदन का पात्र है।

क्षेत्र के नागरीकों को चाहिए की वे इस आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर, व्यासपीठ से रामकथा का वाचन कर रहे राष्ट्रीय कथा वाचक विदुषी सुश्री पद्महस्ता भारतीजी के श्रीमुख से कथा का श्रवण करें तथा भारतीय संस्कृति के अनेक दिव्य चमत्कारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर, अपने जीवन को आलोकित करें और हर्ष की बात है कि, विदुषी सुश्री पद्महस्ता भारतीजी की मधुरवाणी में कथाश्रवण से संपूर्ण रामायण का सजीव चित्रण अनुभव हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि, गत वर्षों में हमने गोंदिया में अनेक संतों को निमंत्रित कर क्षेत्र की जनता को देश के सुप्रसिद्ध संतों की मधुरवाणी में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण का लाभ दिलाया। आगामी जनवरी 2027 में गोंदिया में राष्ट्रीय स्तर के संतश्री प्रदीप जी मिश्रा को निमंत्रीत कर शिवमहापुराण के भव्य आयोजन का मेरा लक्ष्य है और निश्चित रुप से परमेश्वर के आशीर्वाद और सभी के सहयोग से हम इसे सफ्लतापूर्वक कर पाएंगे, ऐसा विश्वास है। ऐसे उद्गार पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने आयोजित रामकथा ज्ञानयज्ञ के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर दिव्य ज्योति परिवार वे! स्वामी चिंदानंदजी महाराज ने पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल को शाल-श्रीफ्ल भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम बाबा कटरे, नरेश माहेश्वरी, कृउबास संचालक रविबाबू अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जिला सहकारी बैंक संचालक विजेन्द्र कटरे, घनश्याम अग्रवाल, महेश उके, लाला व्यास, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन नागपुरे एवंम ठाकुर दिलीपसिंह गुड्डु बैस सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सभी की झोली भरते हैं जामखारीवाले हनुमानजी, 100 वर्षो से अधिक है आस्था और विश्वास का केंद्र..

## वर्ष भर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु करते हैं दर्शन..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

*यह मंदिर लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराने जामखारी के मंदिर की ख्याति इस प्रकार हुई है कि इस मार्ग से आने-जानेवाले कोई भी व्यक्ति मंदिर में रुक जाता है।*

श्री हनुमानजी के सामने कुछ पल रुककर अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ प्रभु की दयादृष्टि रहे इसके लिए प्रार्थना करता है, इस मंदिर का निर्माण होने से लेकर अब तक मंदिर एक नए रूप नजर आने लगा है, लेकिन सूत्रों की माने तो लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पूर्व यह मंदिर टिन की चादरो से बने एक शेड में नजर आता था, उसी समय से मंदिर के प्रति पूरे जिले में आस्था का केन्द्र बना हुआ है।

आमगांव से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जामखारी हनुमान मंदिर न केवल शहर बल्कि समस्त आसपास के 200 ग्रामो व दूरदराज के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है, जामखारी का शिद्ध हनुमान मंदिर में लोग अपनी कामना पूर्ति के लिए पैदल भी आते है, जामखारी के तालाब के पाल पर बने इस प्राचीन और विशाल मंदिर की एक अलग ही कहानी है।

लगभग 100 वर्ष पहले आमगांव के जमीदार मार्तण्डराव बहेकार द्वारा तालाब खुदाई के दौरान श्री हनुमानजी की मूर्ति निकली थी। हनुमानजी की मूर्ति में आमगांव में ले जाकर मंदिर में स्थापित करने का प्रयास किया, लेकिन अनेक कोसिस के बाद भी मूर्ति अपनी जगह से टस से मस नही हुई, अंततः उन्होंने मूर्ति ले जाने का इरादा त्याग दिया, मूर्ति को उसी जगह पर स्थापित करने का आग्रह जामखारी ग्राम के उस समय के मालगुजार दयाराम विठोबाजी कटरे ने किया, बताया जाता है कि तालाब के पाल पर स्थायी शेड बनाकर मूर्ति को स्थापित करने के लिए उठाया गया तो वह मूर्ति आसानी से उठ गई. तब से इसे प्रभु हनुमानजी की इच्छा मानकर मूर्ति शेड में स्थापित कर ग्रामीणों ने नियमित रूप से पूजा अर्चना शुरू कर दी।

उशी दौरान मूर्ति ने सिंदूरी चोला छोड़ दिया. उस चोले का विसर्जन ग्राम ननसरी की नदी में किया गया, लगभग 90 वर्ष पूर्व 1940 में आये भयानक तूफान में इस मंदिर का स्थाई टीन का शेड टूट गया, उसके बाद जमींदार दयाराम कटरे के मंदिर मंदिर निर्माण कार्य सुरु किया और कुछ ही दिनों में मंदिर का निर्माण पूरा किया गया। जामखारी के पूर्व सरपंच श्रीराम कटरे ने चर्चा में बताया कि मंदिर निर्माण कार्य मे लोहा या सीमेंट कंक्रीट का उपयोग नही किया गया, बल्कि सफेद पत्थर, चुना, अलसी और बेल के मिश्रण से जुड़ाई की गई, आज भी इस मंदिर की दीवार में कही भी किसी प्रकार की दरार नही है, मालगुजार परिवार के लेखेश्वर कटरे व आमगांव से लीलाधर कलंत्री इस मंदिर के व्यस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

दयाराम कटरे ने बताया कि मंदिर के दैनिक खर्च, व्यवस्था एवम पुजारी के जीवन व्यापण के लिए 10 एकड़ भूमि मंदिर के नाम से कर दी थी. उनके पिता राजारामभाऊ के समय आमगांव निवासी कन्हैयालाल मिश्रा के सहयोग से हनुमान मंदिर के निचले हिस्से में भगवान शिवजी का मंदिर बनाया गया

### इस वर्ष किये गये विभिन्न आयोजन..

इस वर्ष के कार्यक्रम जिसमें दिनांक 1 अप्रैल 2026 को हरिपाठ, दिनांक 2 अप्रैल 2026 को पूजन, पंचामृत अभिषेक, महाआरती, नाम जप, शताष्टक हनुमान चालीसा पाठ, महाप्रसाद व शयन आरती इस प्रकार हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम है।

## शादी समारोह वाले मकान मे हुई चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 31/3/2026 के रात 12 बजे के दरम्यान फर्यादी प्रितम दुलिचंद चचाणे उम्र 56 वर्ष निवासी घोटी के यहा बेटे की शादी हो रही थी। घर के बाजु बंधी मे शादी चल रहा था फर्यादी के जवाई ने घर से एक आदमी को निकलते देखा और जानकारी दी फर्यादी ने घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी मे रहे 6 हजार रुपये और चांदी की अंगुठी किमत 2 हजार रुपये कुल 8 हजार रुपये का माल चोरी होने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 190/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सर्फो धारणे 332 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

## शराब के नशे मे की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/1/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान कट्टीपार मे फर्यादी रमेश लवशाव राऊत उम्र 60 वर्ष निवासी कट्टीपार अपने घर पर थे। जहा आरोपी शराब के नशे मे आया और गालीगलौच करने लगा और लोहे की हसीया से फर्यादी को मारकर जख्मी किया और पुरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 222/2026 धारा 118,1352,351,2,351,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा पंधरे 1375 पोस्टे आमगांव कर रहे है।




## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### जेसीबी से कम्पाऊंड वॉल तोड़कर किया 2 लाख रुपये का नुकसान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/3/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान भवभुती कॉलेज के पास आमगाव मे फर्यादी मिथुन बंसीलाल बंग उम्र 43 वर्ष निवासी देवरी का प्लाट होकर उसने अपने प्लॉट पर ब्राऊंड्री वॉल बनाया। आरोपी की बाजु मे खेती है उसने खेती मे जेसीबी चलाया और फर्यादी की बनाई हुई दिवाल तोड डाली फर्यादी पुछने गये तो पुरे परिवार को मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 220/2026 धारा 324,5,351,2,351,3,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना भजने 1702 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाये नगदी और गहने मामला दर्ज.

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30/3/2026 को फर्यादी तुशार घनश्याम पारधी उम्र 38 वर्ष निवासी नेहरू वार्ड तिरोडा अपने परिवार के साथ बाहरगाव रिश्तेदार के यहा शादी समारोह मे गये थे। सामने गेट की चाबी पडोसी के यहा दिये थे। पडोसी ने फोन कर जानकारी दी कि आपके घर का ताला टुटा हुवा है, फर्यादी ने आकर देखा तो मकान का ताला टुटा हुवा था। अंदर जाकर देखा तो लॉकर मे रखे नगदी 9500 रुपये, मंगलसूत्र, नाक की नथ, कान के लटकन 60 हजार रूपये के गहने कुल 69,500 रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 363/2026 धारा 305,1,331,3,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मडावी 1548 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

# अग्रवाल साइंस कॉलेज इंटर-कॉलेज कार्फबॉल कॉम्पिटिशन में सफलता..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

*शंकरलाल अग्रवाल साइंस कॉलेज की टीम ने राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर यूनिवर्सिटी, नागपुर और नासिकराव तिरुपुडे फिजिकल एजुकेशन* कॉलेज, नागपुर द्वारा मिलकर आयोजित इंटर-कॉलेज कार्फबॉल कॉम्पिटिशन में यूनिवर्सिटी लेवल पर दूसरा स्थान हासिल किया।

यह कॉम्पिटिशन 27 और 28 मार्च 2026 को आयोजित कि गयी थी। कॉलेज की टीम लगातार पहले तीन मैच जीतकर फाइनल मैच में पहुंची और फाइनल मैच धनवटे नेशनल कॉलेज, नागपुर के साथ था। इस मैच में कॉलेज की टीम को 3/2 पॉइंट से हार का सामना करना पड़ा। कॉलेज टीम के हर खिलाड़ी ने बहुत लगन और पक्के इरादे से खेला, इसलिए टीम फाइनल मैच तक पहुंच पाई। टीम में तेजस बागड़े, चेतना ठाकुर, निधि रामटेके, वैष्णवी पुंडकर, निशा बिंझाड़े, प्रणय पांडव, मनोज मेश्राम, अक्षय सिंघमारे, दीपांशु रामटेके, मानसी हाडगे, लकी सोरटे, गुंजन डोये, निशा सोरटे और नम्रता कटरे शामिल थे।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एस. नारायण मूर्ति और स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के हेड संजय बिरनवार ने सभी स्टूडेंट्स को कीमती गाइडेंस किया। इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट श्री विशाल अग्रवाल, सेक्रेटरी श्री प्रफुल अग्रवाल, सभी फैकल्टी मेंबर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ ने स्टूडेंट्स को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनकी तारीफ की।

# आमगांव मे उत्साह के साथ भगवान महावीर जन्मोत्सव





**जगप्रेरणा आमगांव।**

*अहिंसा के अवतार एंव जैन धर्म के 24 तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव आमगाव मे उत्साह के साथ मनाया गया*

हालाकि आमगांव मे जैन धर्म की संख्या अल्प रहने के बावुजुद भी दिंगबर एवं श्वेताबंर जैन धर्म के अनुयायी द्वारा भगवान महावीर जन्मोत्सव पुरे उत्साह के साथ मनाया गया भगवान महावीर द्वारा दी गई अहिंसा सत्य मानवता का धर्म की शिकवण को आत्मसात करते हुये समाज द्वारा प्रगतीशील रहने का आव्हान इस अवसर पर किया गया कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से के डी चौरडिया, नवीन जैन, मोना जैन, महेंद्र जैन, दिनेश जैन, गोलू सेठिया, राहुल सेठिया सनी जैन मोनू जैन संदीप सेठिया, केतन, श्री मती मनीषा सेठिया, श्रीमती प्रियंका सेठिया, श्रीमती काजल जैन, श्रीमती मीनू जैन, श्रीमती श्रेया जैन, श्रीमती पायल जैन, श्रीमती मीनल सेठिया, श्रीमती किरण जैन, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती रेखा पंसालिया उपस्थित थे कार्यक्रम के अवसर पर जैन धर्म की दिंगबर एवं श्वेताबंर की महिला एंव बच्चो ने सुदंर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती कर सभी उपस्थितो का मन मोह लिया भगवान महावीर के जन्म उत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा स्थानिक महात्मा गांधी चौक पर मट्ठा वितरण किया गया पिछले तीन सालो से सकल जैन समाज द्वारा बडे ही उत्साह के साथ भगवान महावीर का जन्म उत्सव लगातार मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सकल जैन समाज के पुरुष महिला बच्चो ने सहयोग प्रदान किया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# तीनो लोक हांक तै कांपे, महावीर जब नाम सुनावे..

## हनुमान जन्मोत्सव पर सिविल लाईन हनुमान मंदिर में किया गया 10 हजार 08 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन..







जगप्रेरणा गोंदिया।

***विपत्ती, मुसीबत, परेशानी, भूत प्रेत बाधा हो या फिर कोई भी मुश्किलल हो, भगवान बजरंग बली, पवनपुत्र हनुमान की शरण में आने वाले भक्तों की पीड़ा हनुमान जी चुटकियों में हर लेते हैं। देश के देव महादेव ने धरती पर हनुमान जी***

के रुप में जन्म लेकर तीनों लोकों में ऐसा डंका बजाया, जिसके कारण कहा जाता है कि तीनों लोक हनुमान जी के क्रोध से कांपने लगते हैं, जब हनुमान की नाम सुनाया जाता है। ऐसे प्रतापी भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की गोंदिया शहर में बड़ी धुम होती है। हनुमान जन्मोत्सव पर गोंदिया शहर के सिविल लाइन में हनुमान मंदिर में बड़े धुमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। शहर के इस मंदिर में हजारों की संख्या में लोग दर्शनार्थ पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष दो दिवसीय आयोजनों में हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व दिवस हजारों भक्त एक साथ बैठकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। इसी क्रम में आज 1 अप्रैल को सिविल लाईन हनुमान मंदिर के प्रांगण एवं हनुमान मंदिर में भक्तों ने सुबह से शाम तक 10 हजार 08 हनुमान चालीसा का पाठ किया, और हनुमान चालीसा पाठ का एक कीर्तिमान रच दिया। विशेष बात यह रही कि पुरुषों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और बच्चियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया।

### नागपुर से भी गोंदिया आए हनुमान भक्त

गौरतलब है कि गोंदिया के चमत्कारी सिविल लाईन हनुमान मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट श्रद्धा है। जिसके चलते इस मंदिर में प्रतिदिन दर्शनार्थ भीड़ उमड़ा करती है। अनेक भक्त तो नागपुर एवं अन्य शहरों से हनुमान जन्मोत्सव पर इस मंदिर में अवश्य पहुंचते हैं। नागपुर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि इस मंदिर के प्रति उनकी गहरी आस्था है और सामूहिक पाठ का अनुभव अद्भुत रहा। इसी प्रकार महाराष्ट्र के साथ-साथ सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए यहां पहुंचते हैं।

### आज 2 अप्रैल को उमड़ेगा हजारों का जनसैलाब..

गौरतलब है कि आज 2 अप्रैल गुरुवार को सुबह 5.30 बजे से हनुमान जी का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। इसके उपरांत सुबह 7 बजे से हवन, सुबह 8.00 बजे आरती तथा सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। सिविल लाईन हनुमान मंदिर के अध्यक्ष सुधीर बजाज एवं पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने सभी हनुमान भक्तों से सपरिवार हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थिति का आहवान किया है।

# श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा पिडकेपार गौशाला में विश्व शांति यज्ञ आज

## एक शाम मानवता के नाम के तहत दूनिया को युद्ध और तनाव से मुक्ति दिलाने किया जा रहा यज्ञ..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***वर्तमान समय में पुरे विश्व में विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। चारों तरफ विभिन्न देशों में बढ़ती अशांति, तनाव, युद्ध का बूरा असर सभी देशों पर पड़ रहा है, ऐसे में एक सराहनीय पहल करते***

हुए गोंदिया शहर के श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा द्वारा संचालित पिंडकेपार गौशाला में आज 2 अप्रैल को मानवता और विश्व शांति के उद्देश्य से भव्य विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार, जिस तरह से आज दुनिया कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें देशों के बीच विवाद, हिंसा और मानवता में घटती संवेदनशीलता प्रमुख हैं। ऐसे समय में वैदिक परंपरा के अनुसार यह पवित्र यज्ञ विश्व कल्याण, शांति और मानवता की रक्षा के लिए बहुत शक्तिशाली प्रयास होगा।इस यज्ञ के मुख्य उद्देश्यों में विश्व में व्याप्त युद्ध और हिंसा का शमन, लोगों के हृदय में प्रेम और करुणा का जागरण, पर्यावरण की शुद्धि तथा सभी जीवों के लिए शांति और मंगल की कामना शामिल है।

यह आयोजन असज 2 अप्रैल 2026 गुरुवार को शाम संध्या 6:20 बजे से 7:45 बजे तक श्रीक्षेत्र, श्री कृष्ण गौरक्षण सभा, गोपुरी, पिंडकेपार रोड, गोंदिया में संपन्न होगा। इस यज्ञ के यजमान देवकीनंदनजी बंसल परिवार, गोंदिया हैं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने ÷सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः÷ का संदेश देते हुए सभी के सुख और स्वास्थ्य की कामना करते हुए नगर के प्रबुद्ध श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अपने परिवार सहित उपस्थित होकर यज्ञ में आहुति दें और इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

# आज धुमधाम से मनाया जायेगा घाट वाले हनुमान जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव..

## नगर सेवक लोकेश (कल्लु) यादव ने की हनुमान भक्तों से भव्य उपस्थिति की अपील..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर घाटवाले हनुमानजी मंदिर समिति द्वारा आज 2 अप्रैल को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 8:00 बजे रुद्राभिषेक पूजन एवं 9:00 बजे हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद दोपहर 3:00 बजे से रात 10:00 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। यह आयोजन घाटवाले हनुमानजी मंदिर, अंडर ग्राउंड रोड, गोंदिया के प्रांगण में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में घाटवाले हनुमानजी मंदिर समिति, जय श्री महाकाल सेवा समिति तथा जय श्री महाकाल महिला सेवा समिति शामिल हैं। आयोजकों का प्रतिनिधित्व करते हुए नगर सेवक लोकश (कल्लु) यादव ने शहर के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान हनुमान के जन्मोत्सव में शामिल हों और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# फरार बाइक चोर तेजराम आडे की रामनगर पुलिस को तीव्रता से तलाश..

## पुलिस ने जानने वालों से गुप्ता सूचना देने की अपील की..



जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया शहर के रामनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुई मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक शातिर अपराधी की तलाश करते हुए उसकी तस्वीर प्रेषित कर जानकारों को गुप्ता सूचना प्रदान करते हुए फरार आरोपी की जानकारी प्रेषित करने की अपील की है।

रामनगर पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम तेजराम उर्फ तेजस जगदीश आडे (30 वर्ष) है, जो पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए उसके आपराधिक रिकार्ड को भी सार्वजनिक किया है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी तेजराम (निवासीः कोढा कोसरा, तहसीलः पवनी, जिलाः भंडारा) के खिलफ गोंदिया सहित अन्य जिलों में भी वाहन चोरी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हाल ही में रेलटोली क्षेत्र से हुई एक होंडा शाइन बाइक (एमएच- 35/ एलवी 1736) की चोरी में इसकी मुख्य भूमिका सामने आई है। इस गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन तेजराम अभी भी पकड़ से बाहर है।

आरोपी की पहचान के संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी का रंग गोरा है, चोहरा गोल है। ऊंचाई 5 फीट 5 इंच, बालः काले, विशेष पहचानः दाढ़ी बढ़ी हुई है। रामनगर पुलिस अपील करती है कि यदि यह व्यक्ति कहीं भी दिखाई दे या इसके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी मिले, तो तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिये रामनगर पुलिस से मोबाईल नंबर 07182-252565, निरीक्षक (रामनगर): 9545667223, जांच अधिकारी से मो. नंबर 9923464384 पर संपर्क किया जा सकता है।

## गोंदिया के रक्तदाताओं ने पेश की मानवता की मिसाल..

# दुर्लभ 'ओ-नेगेटिव' रक्त देकर बचाई एक दिन की नवजात बच्ची की जान..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***'रक्तदान महादान' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए गोंदिया के जागरूक रक्तदाताओं एवं डॉक्टर ने एक बार फिर एक नवजात शिशु को मौत के मुँह से बाहर निकाल लिया। शहर के डॉ. संजय देशमुख अस्पताल में***

भर्ती एक दिन की नवजात बच्ची के लिए दुर्लभ 'ओ-नेगेटिव' रक्त उपलब्ध कराकर उसे नया जीवन दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया निवासी सोनाली हरिनखेड़े ने हाल ही में एक नवजात कन्या को जन्म दिया। जन्म के पश्चात बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉ. संजय देशमुख के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जाँच के दौरान पाया गया कि बच्ची के शरीर में रक्त की भारी कमी है और उसे तुरंत 'एक्सचेंज ट्रांसफ्यूजन' (रक्त बदलने) की आवश्यकता है। चुनौती यह थी कि बच्ची का ब्लड ग्रुप 'ओ-नेगेटिव' था, जो हजारों में किसी एक व्यक्ति का होता है और आपात स्थिति में इसका मिलना अत्यंत कठिन होता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. देशमुख ने तत्काल गोंदिया के 'रक्तमित्र' विनोद चांदवानी (गुड्डू) से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही गुड्डू चांदवानी ने अपनी सक्रिय रक्तदाता सूची खंगाली और बिना समय गंवाए शहर के नियमित रक्तदाता प्रकाश शिवदासानी से संपर्क किया। जैसे ही प्रकाश शिवदासानी को एक दिन की बच्ची की जान खतरे में होने की सूचना मिली, वे तुरंत लोकमान्य ब्लड बैंक पहुँचे और अपना दुर्लभ ओ-नेगेटिव रक्त दान किया। उनकी इस तत्परता के कारण समय रहते बच्ची का रक्त बदला जा सका और उसकी जान बच पाई। इस निस्वार्थ सेवा के लिए प्रकाश शिवदासानी को रक्तमित्र विनोद चांदवानी (गुड्डू), नितिन रायकवार और नितिन पंधरे द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। हरिनखेड़े परिवार ने रक्तदाता प्रकाश शिवदासानी, गुड्डू चांदवानी का आभार व्यक्त किया

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के २० वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरे पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़े जगप्रेरणा को..
बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर पढ़ने पाठक अपने ग्रुप में जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

# श्री गुजराती लोहाना महाजन समाज अध्यक्ष पंकजभाई पलन ने की समाज संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित..

## प्रशांत वडेरा सचिव और नितेश भाई पोपट कोषाध्यक्ष मनोनित..


पंकजभाई पलन


प्रशांतभाई वडेरा


नितेशभाई पोपट

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिनांक 29 मार्च 2026 को श्री लोहाना महाजन वाडी, रामनगर में श्री गुजराती लोहाना महाजन समाज गोंदिया के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री पंकजभाई सुरेशभाई पलन ने श्री लोहाना ट्रस्ट मंडल प्रमुख अजय जमनादासभाई वडेरा की अध्यक्षता में सभा लेकर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी।***

श्री पंकज भाई पलन ने कार्यकारिणी के सचिव के रूप में श्री प्रशांतभाई विजयकुमार वडेरा को जिम्मेदारी प्रदान की, वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट श्री नितेशभाई शांतिभाई पोपट को मनोनित किया गया। इसी प्रकार उप प्रमुख के रूप में श्री प्रकाशभाई लीलाधरभाई दावड़ा, श्री भागीरथभाई हंसराजभाई जीवानी एवं श्री मनीषभाई रंजीतभाई पलन का चयन किया गया। सहसचिव के रूप में श्री भावेशभाई महेंद्रभाई जसानी एवं श्री अजेशभाई अशोकभाई माधवानी का चयन किया गया। इसी प्रकार हिसाबी अधिकारी के रूप में श्री विनयभाई मोरारजीभाई रूपारेल एवं सीए पीयूषभाई किशोरभाई माधवानी का चयन किया गया।

कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कार्यकारिणी के सदस्यों को विभिन्न समितियों का भार दिया गया जिसमें समाजवाडी बुकिंग एवं व्यवस्था समिति में श्री ललितभाई हंसराजभाई जीवानी, श्री निशांतभाई नरेंद्रभाई हालानी एवं श्री प्रतीकभाई प्रकाशभाई काथरानी का चयन किया गया। सांस्कृतिक और शैक्षणिक समिति में श्री प्रवीणभाई रामजीभाई हालानी, श्री विकेशभाई त्र्यंबकभाई सोनछात्रा, श्री राजेशभाई चुन्नीलालभाई कारिया, श्री योगेशभाई गिरीशभाई भागदेव एवं श्री हितेशभाई भरतभाई सोनछात्रा का चयन किया गया। इसी प्रकार भोजन समिति में श्री जलारामभाई हसमुखभाई गंभीर, श्री अतुलभाई प्राणलालभाई सूचक, श्री उदयभाई जितेंद्रभाई सोनछात्रा एवं श्री मयूरभाई महेशभाई माधवानी का चयन किया गया। स्वास्थ्य समिति में डॉक्टर विनयभाई प्रफुल्लभाई मीरानी एवं श्री रोहितभाई नीलेशभाई पोपट का चयन किया गया।

विभिन्न कार्यों के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार प्रसार समिति में श्री योगेशभाई गिरधरभाई कतीरा, श्री शरदभाई रजनीकांतभाई काथरानी एवं श्री किंजलभाई राजेंद्रकुमार चंदाराणा का चयन किया गया। सलाहकार समिति में श्री गिरधरभाई नरसिंहभाई हालानी, श्री किशोरभाई पोपटलालभाई माधवानी, श्री प्रकाशभाई धीरजलालभाई काथरानी, श्री नंदकिशोरभाई जयंतीलालभाई सोनछात्रा, श्री गिरिनभाई जयंतीभाई भागदेव एवं श्री संजयभाई बाबूलालभाई माधवानी का चयन किया गया।

इस कार्यक्रम में ट्रस्ट मंडल प्रमुख श्री अजयभाई जमनादासभाई वडेरा सहित संस्था के पूर्व प्रमुख श्री किशोरभाई पोपटलालभाई माधवानी, श्री प्रकाशभाई धीरजलालभाई काथरानी एवं श्री चंद्रेशभाई बाबूलालभाई माधवानी विशेष रूप से शामिल थे। सभी अतिथियों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आगे का कार्य समाज हित में सुचारु रूप से करने की शुभकामनाएं प्रदान की।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोस की जांच
हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com